


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



फालतू का उद्देश्य
लैंगिक समानता...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 16 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 296 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की स्थिति और खराब 107वें पायदान पर

नई दिल्ली। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में भारत की स्थिति और खराब हुई है तथा वह 121 देशों में 107वें नंबर पर है जबकि बच्चों में 'चाइल्ड वेस्टिंग रेट' (ऊंचाई के हिसाब से कम वजन) 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश से सबसे अधिक है। पड़ोसी देश पाकिस्तान (99), बांग्लादेश (84), नेपाल (81) और श्रीलंका (64) भारत के मुकाबले कहीं अच्छी स्थिति में हैं। एशिया में केवल अफगानिस्तान ही भारत से पीछे है और वह 109वें स्थान पर है। वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई)के जरिए वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर भूख पर नजर रखी जाती है और उसकी गणना की जाती है। 29.1 अंकों के साथ भारत में भूख का स्तर ''गंभीर'' है। भारत 2021 में 116 देशों में 101वें नंबर पर था जबकि 2020 में वह 94वें पायदान पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक भूख के स्तर वाले क्षेत्र, दक्षिण एशिया में बच्चों में नाटापन की दर (चाइल्ड स्टंटिंग रेट) सबसे अधिक है। इसमें कहा गया है, ''भारत में 'चाइल्ड वेस्टिंग रेट' 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश में सबसे अधिक है और भारत की बड़ी आबादी के कारण यह इस क्षेत्र के औसत को बढ़ाता है।'' भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बच्चों में नाटापन की दर (चाइल्ड स्टंटिंग रेट) 35 से 38 फीसदी के बीच है और क्षेत्र में अफगानिस्तान में यह दर सबसे अधिक है। भारत में अल्पपोषण की व्यापकता 2018—2020 में 14.6 प्रतिशत से बढ़कर 2019—2021 में 16.3 हो गयी है। इसका मतलब है कि दुनियाभर के कुल 82.8 करोड़ में से भारत में 22.43 करोड़ की आबादी अल्पपोषित है। पांच साल की आयु तक के बच्चों में मृत्यु दर के सबसे बड़े संकेतक 'चाइल्ड वेस्टिंग' की स्थिति भी बदतर हुई है। 2012—16 में 15.1 प्रतिशत से बढ़कर 2017—21 में यह 19.3 प्रतिशत हो गया है। जीएचआई ने कहा, ''अनुसंधानकर्ताओं ने चार भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में 2006 से 2016 के बीच नाटेपन की स्थिति में गिरावट के लिए जिम्मेदार कारकों की पड़ताल की।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति, घरेलू स्थिति (जैसे कि सामाजिक—आर्थिक स्थिति एवं खाद्य सुरक्षा) और मातृत्व कारक (जैसे कि माताओं का स्वास्थ्य और शिक्षा) में सुधार आने के कारण नाटेपन की दर में गिरावट आयी। जीएचआई ने कहा कि दुनिया संघर्ष, जलवायु संकट और यूक्रेन में युद्ध के साथ ही कोविड—19 महामारी के आर्थिक परिणामों के साथ भूख को खत्म करने के प्रयासों में गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि वैश्विक संकट के बढ़ने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। इसमें कहा गया है, ''संभावित समाधान और आवश्यक निवेश का पैमाना ज्ञात और परिमाणित है। इसके बजाय, समस्या नीति के क्रियान्वयन में है और दुनिया में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है।'' भूख सूचकांक में भारत की स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सरकार पर निशाना साधा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि सरकार को 8.5 वर्ष में भारत को अंधकार के इस युग में लाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ''2014 के बाद से वैश्विक भूख सूचकांक में भारत की खतरनाक, तेज गिरावट। मोदी सरकार भारत के लिए विनाशकारी है।'बफर स्टाक' से ऊपर बेहद कम खाद्य भंडार की वजह से महंगाई बढ़ रही है। 8.5 वर्ष में भारत को अंधकार के इस युग में लाने की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।'' कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा, ''माननीय प्रधानमंत्री बच्चों में कुपोषण, भूख, नाटेपन और 'चाइल्ड वेस्टिंग रेट' जैसे वास्तविक मुद्दों से कब निपटेंगे? भारत में 22.4 करोड़ लोगों को अल्पपोषित माना जा रहा है।'' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''2014 के बाद से मोदी सरकार के आठ वर्ष में हमारा 'स्कोर' खराब हुआ है, 16.3 प्रतिशत भारतीय अल्पपोषित हैं जिसका मतलब है कि उन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिलता है। हिंदुत्व, हिंदी थोपना और नफरत फैलाना भूख मिटाने की दवा नहीं है।



# इस दिन किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किस्त जारी करेंगे पीएम मोदी, किसानों का होगा बड़ा सम्मेलन

नई दिल्ली। देश के किसानों का इंतजार खत्म होने वाला है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत उनके खाते में 12वीं किस्त आने वाली है। इसको लेकर अब तक की खबर मिल चुकी है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि का 12वीं किस्त किसानों के लिए जारी करेंगे। इसके बाद किसानों के खाते में सीधे 2000 रुपये पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसको लेकर कहा कि पीएम मोदी 17 अक्टूबर को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में दो दिवसीय कार्यक्रम ष्पीएम किसान सम्मान सम्मेलनष का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी 12वीं किस्त की राशि भी जारी करेंगे। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 17 और 18 अक्टूबर को कृषि मंत्रालय दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। 17 अक्टूबर को च्ड किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 16 हजार करोड़ रुपए किसानों में खाते में डालेगे। च्ड मोदी पूसा के कैंपस में आएंगे। कैंपस में किसानों का बड़ा सम्मेलन होगा। नरेंद्र सिंह तोमर ने यह भी कहा कि बेमौसम बारिश ने फसलों को प्रभावित किया है। राज्य सरकारें इससे वाकिफ हैं। जहां सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है वहां सर्वे किया जा रहा है। केंद्र सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान मानसून पर निर्भर हैं, जो अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि सभी उपायों के बावजूद, किसान प्रकृति पर निर्भर हैं।



बेमौसम बारिश से प्रभावित छोटे किसानः इससे पहले नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि देश के कुछ हिस्सों में बेमौसम बारिश से छोटे किसान प्रभावित हुए हैं और उन्हें सरकार की फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंन कहा कि भारत का कृषि क्षेत्र तथा खेती में नफा—नुकसान प्रकृति पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी ने देखा होगा कि बेमौसम बरसात की वजह से छोटे और सीमान्त किसानों को नुकसान हुआ है। तोमर ने कहा कि किसानों के पास सुरक्षा कवच है और उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा मिलता है।

# अपने बयान पर ललन सिंह ने दी सफाई, समर्थन में आए तेजस्वी, कहाः कुछ गलत नहीं बोला

पटना। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी को लेकर बीजेपी लगातार हमलावर है। रविशंकर प्रसाद से लेकर सुशील मोदी तक ने ललन सिंह से माफी मांगने की मांग की है। पीएम की जाति को लेकर की गई जेडीयू अध्यक्ष की टिप्पणी पर बीजेपी की तरफ से निंदा की गई है। वहीं पूरे मामले में ललन सिंह की तरफ से सफाई दी गई है। इसके साथ ही ललन सिंह को बिहार में सहयोगी और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भी साथ मिला है।

जदयू प्रमुख ललन सिंह ने कहा कि खेद किसलिए? मैंने कौन सा गलत शब्द इस्तेमाल किया? श्बहुरूपीश, श्ढोंगीश असंसदीय भाषा किस शब्दकोश में हैं? आप किसी ऐसे व्यक्ति को क्या कहेंगे जो अलग—अलग रूप लेता है और गलत तथ्य प्रस्तुत करके लोगों को गुमराह करने की कोशिश करता है। मैंने असंसदीय भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। बता दें कि जेडीयू अध्यक्ष का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो कहते सुनाई पड़ते हैं कि पीएम मोदी ने बेहद पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) से होने की बात कहकर देश घूमा। गुजरात में कोई ईबीसी नहीं है, केवल ओबीसी है। जब वे गुजरात के सीएम बने तो उन्होंने अपनी जाति ओबीसी से जोड़ दी। वह नकलची हैं, असली नहीं।



पूरे मामले पर राजद की भी एंट्री हो गई है। जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह के बचाव में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि ललन सिंह ने जो बोला है, वो सही बोला है। कुछ गलत नहीं बोला है। उन्होंने कुछ घुमाकर नहीं बोला, बल्कि सीधे—सीधे बोल दिया। वहीं ललन सिंह के बयान पर बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्में कोई शर्म नहीं बची है। आप भारत के प्रधानमंत्री को लेकर ऐसी स्तरहीन बातें कर रहे हैं।

# नक्सल लिंक मामले में साईबाबा की रिहाई पर एएसी की रोक पर बोले फडणवीस, आगे एक कानूनी लड़ाई होगी, सारी बातें कोर्ट के सामने लाएंगे



मुंबई। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कथित नक्सल लिंक मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईंबाबा और पांच अन्य की रिहाई पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक विशेष सुनवाई में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के 14 अक्टूबर के आदेश को निलंबित कर दिया । महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के नागपुर बेंच के उस निर्णय को स्थगित कर दिया जिसमें माओवादियों से संबंध रखने वाले प्रोफेसर जीएन साईबाबा को बरी कर दिया गया था। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैंने इस पर बहुत निराशा जताई थी कि टेक्निकल ग्राउंड पर इस प्रकार से समाज और देश विरोधी कार्रवाई करने वाले को छोड़ा जाना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हमारी बात सुनी। आगे एक कानूनी लड़ाई होगी, उसमे हम सारी बातें कोर्ट के सामने लाएंगे।

# भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा जनता का समर्थन

## राहुल गांधी बोलेः देश को कमजोर कर रही बीजेपी की विचारधारा



नई दिल्ली। कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के आज 1000 किलोमीटर पूरे हो गए। लगभग डेढ़ सौ दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में 3570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इन सबके बीच कर्नाटक के बेल्लारी में कांग्रेस की यह भारत जोड़ो यात्रा पहुंची है। इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा पर अपने संबोधन में जबरदस्त तरीके से प्रहार किया। राहुल ने कहा कि जब यह यात्रा कन्याकुमारी से शुरू हुई थी तो काफी काफी मुश्किल लग रही थी। लेकिन लेकिन चलने के साथ ही यह आसान लगने लगा। राहुल ने दावा किया कि भारत जोड़ो यात्रा को जनता से भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मोदी सरकार पर भी निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा की विचारधारा देश को कमजोर कर रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा नफरत की है। वो दोनों देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने आरएसएस—भाजपा पर देश को बांटने का भी आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा कि अलग—अलग धर्म के लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा को लेकर यह यात्रा शुरू की गई है, वह सिर्फ यात्रा की विचारधारा नहीं बल्कि कर्नाटक की सोच है, यह हिंदुस्तान की सोच है, भारत का इतिहास है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में हमने सोचा था कि 3500 कि.मी. पैदल चलना आसान नहीं है। मगर जब हमने चलना शुरू किया, कुछ दिन बाद चलना काफी आसान लगने लगा। ऐसा लग रहा था, जैसे कोई शक्ति पीछे से यात्रा को आगे की ओर धकेल रही। वहीं, कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि 4 राज्य, सैकड़ों किलोमीटर, लाखों लोग और सफर निरंतर जारी है। भारत जुड़ रहा है— नफरत, बेरोजगारी, महंगाई के विरुद्ध। राहुल ने कहा कि आज भारत में 45 साल में अब तक की सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पीएम ने कहा था कि वह हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। तो वो नौकरियां कहां है?उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से, हम भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर जा रहे हैं। ये सफर 3500 कि.मी. का है, इसकी शुरुआत कन्याकुमारी से की, उसके बाद केरल और अभी हम कर्नाटक में हैं।

# भारतीय सेना ने 11 बैंकों के साथ किया ऐतिहासिक समझौता, अग्निवीरों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाएंगी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना ने अग्निवीरों के सैलरी पैकेज के लिए एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे निजी क्षेत्र के बैंकों सहित 11 बैंकों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि एमओयू पर 14 अक्टूबर 2022 को भारतीय सेना के एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल सी बंसी पोनप्पा की अध्यक्षता में एक समारोह में डीजी (एमपी एंड पीएस) और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। जिन ग्यारह बैंकों के साथ भारतीय सेना ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं उनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, यस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और बंधन बैंक शामिल हैं। अग्निवीर वेतन पैकेज के तहत दी जाने वाली सुविधाएँ और लाभ रक्षा वेतन पैकेज के समान हैं। इसके अलावा, बैंकों ने अपने उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने और बढ़ाने के लिए एग्जिटर्स से बाहर निकलने के लिए सॉफ्ट लोन की पेशकश की है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ष्अग्निपथ योजनाष के तहत अग्निपथ का पहला बैच जनवरी 2023 तक प्रशिक्षण केंद्रों में शामिल हो जाएगा। ये सेना, वायु सेना और नौसेना की मानव संसाधन नीति में एक नए युग की शुरुआत करने के लिए सरकार द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख रक्षा नीति सुधार है।






# आतंकियों ने फिर बनाया कश्मीरी पंडित को निशाना, सेब बगान जाते वक्त मारी गई थी गोली, अस्पताल में मौत

जम्मू । जम्मू कश्मीर में एक बार फिर से आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी है। लगातार जम्मू कश्मीर में आतंकवादी अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। इन सबके बीच आज एक बार फिर से आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी है। जानकारी के मुताबिक शोपियां में कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या की गई है। सेब बगीचा जाते वक्त आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित को निशाना बनाया है। जख्मी पूरन कृष्ण भट्ट को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई है। जम्मू—कश्मीर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां में एक कश्मीरी पंडित की आतंकवादी हत्या की निंदा की। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ष्मैं लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि अपराधियों और आतंकवादियों को सहायता और उकसाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।ष शोपियां के जिला मजिस्ट्रेट सचिन कुमार वैश्य ने बताया कि मामले में जांच चल रही है। पीड़ित परिवार ने शव को जम्मू लाने की मांगी की है। उनकी मांग को पूरा करते हुए शव को जाम्मू भेजा जा रहा है। उनका अंतिम संस्कार वहीं किया जाएगा। मामले में जैसा सामने आएगा वासी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा—तफरी का माहौल है। लोगों में चीख—पुकार है। परिवार वालों का रो—रो कर बुरा हाल हो रहा है। जम्मू कश्मीर प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, राजनीतिक दलों की ओर से इसके निंदा की जा रही है। अब तक इस घटना को लेकर किसी आतंकी संगठन में जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन फिलहाल इस मामले को लेकर पुलिस छानबीन शुरू कर चुकी है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है।



# पत्नी से तंग आकर पति ने तालाब में कूदकर दी जान

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। मिल्कीपुर क्षेत्र के कहुआ गांव में पति पत्नी के विवाद के चलते 38 वर्षीय पति बिंदु पांडे ने तालाब में कूदकर जान दे दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अयोध्या जिले के थाना कोतवाली इनायतनगर अंतर्गत कहुआ पूरे बरईन गांव निवासी 38 वर्षीय बिंदु पांडे की पत्नी किसी बात को लेकर के अपने पति बिंदु पांडे से लड़ाई झगड़ा करने लगी जिससे नाराज होकर बिंदु गांव के बाहर स्थित गहरे तालाब में जाकर कूद गया। तालाब से थोड़ी दूर पर कुछ ग्रामीण मवेशियों को चरा रहे थे ,उन्होंने जब देखा कि बिंदु पांडे तालाब में कूद गए हैं, लेकिन ऊपर नहीं आए तब ग्रामीणों ने गुहार लगाना शुरू किया, गुहार को सुनकर अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तालाब में कूदने की घटना की जानकारी गांव में आग की तरह फैल गई और बिंदू पांडे के परिजन भी मौके पर पहुंच कर रोने लगे। ग्रामीणों की सूचना के बाद कोतवाली इनायत नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद बिंदु पांडे को बेहोशी हालत में तालाब से बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी मिल्कीपुर भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक बिंदु पांडे पुत्र राम अभिलाष पांडे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बिंदु की एक 13 वर्षीय बेटी भी एक वर्ष पूर्व उसी तालाब में डूब कर मर चुकी है, मृतक के दो बेटियां व एक बेटा है, जिनके सर से पिता का साया उठ गया, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह के अनुसार बिंदु पांडे की पत्नी आए दिन अपने पति से विवाद किया करती थी, पत्नी के विवाद से तंग होकर उसने ऐसा कदम उठाया है, फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना की और सत्यता का पता चल सकेगा।

# जूनियर स्तर के छात्रों की हुई क्विज प्रतियोगिता

अमानीगंज–अयोध्या(आरएनएस)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शिक्षा क्षेत्र के जूनियर स्तर के छात्रों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के महात्मा गांधी चौराहे पर स्थित एक महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पंकज मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 छात्रों को 500 रूपये नगद, एक शील्ड, जमेट्री बॉक्स एवं विज्ञान से संबंधित किट प्रदान किया गया। क्विज प्रतियोगिता में अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय के 128 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कम्पोजिट विद्यालय ओरवा के 3 बच्चों ने टॉपटेन मे अपना स्थान बनाया। शिक्षा क्षेत्र में कम्पोजिट विद्यालय ओरवा प्रथम स्थान पर रहा। खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज पंकज मिश्रा ने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम विकासखंड स्तर पर संचालित किया जा रहा है, खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्रों के अच्छे प्रदर्शन के लिए कार्य में लगे अध्यापकों एवं छात्रों की सराहना की और अपने हाथों प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए हुए सभी बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अरुण द्विवेदी ने किया। इस मौके पर एसआरजी मनीष रस्तोगी, एआरपी केके त्रिपाठी, वंशीधर द्विवेदी, राजकुमार तिवारी , शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, जय हिंद सिंह, आलोक द्विवेदी, अंजनी सिंह, ज्ञानधर दुबे मदन, विवेक सिंह, ऋचा उपाध्याय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पांचवें दिन भी नहीं हुआ अज्ञात का पोस्टमार्टम

अयोध्या(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश भाजपा शासन में अयोध्या पुलिस की लापरवाही के चलते पांचवे दिन भी नहीं कराया अज्ञात शव का पोस्टमार्टम प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में 70 वर्षीय वृद्ध अज्ञात भर्ती की मौत बीते 10 अक्टूबर को हो जाने पर इमरजेंसी फार्मेसिस्ट द्वारा पी आई नंबर 12162 पोस्टमार्टम हेतु कोतवाली नगर भेजा गया जब पुलिस द्वारा बीते 12 अक्टूबर दोपहर तक लाश का पंचनामा भर जिला चिकित्सालय से ना ले जाने पर अस्पताल प्रशासन द्वारा अनुस्मारक पत्र संख्या 12166 पुनः कोतवाली नगर भेजा गया तब कांस्टेबल संदीप सिंह द्वारा अपराहन 3:15 मिनट पर जिला चिकित्सालय से अज्ञात वृद्ध की लाश को रिसीव किया गया और शव को आधुनिक चीरघर पहुंचा दिया गया जबकि उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार अज्ञात शव को 3 दिन अर्थात 72 घंटे पहचान के लिए रोका जाता है और इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करवा दिया जाता है परंतु उत्तर प्रदेश भाजपा शासन में अयोध्या जिले की पुलिस ने सारी मानवता ओं को ताक पर रखकर लावारिस लाश का आज पांचवे दिन भी अज्ञात का कागज आधुनिक चीरघर ना पहुंचाने के कारण आज भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है

# दीपोत्सव को लेकर राम की पैड़ी पर हुआ पूजन

## –कुलपति, नोडल अधिकारी, सहित संत महंत रहे उपस्थित

अयोध्या(आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने दीपोत्सव–2022 को ऐतिहासिक बनाने के लिए राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन किया। इस पूजन में अयोध्या के महंत कमल नयन दास, मिथिलेश नन्दनीशरण दास, मंहत राज कुमार दास, मंहत राजू दास, मैथलीरमण शरण, एमबी दास, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह, उपनोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह, कुलसचिव उमानाथ शामिल रहे। वैदिक मंत्रोचार में वशिष्ठ गुरूकुल विद्यापीठ के बटुकों द्वारा मंगलाचरण सामुहिक रूप से किया गया। इसके उपरांत सरयू जलाभिषेक के साथ सफल आयोजन की कामना के लिए हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश व विश्वविद्यालय के सहयोग से दीपोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। इसमें 15 लाख दीए जलाए जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर संबद्ध महाविद्यालयों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 18 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घाटों पर दिए बिछाए जाने की मार्किंग का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। निश्चित ही सभी के सहयोग से पांचवी बार दीपोत्सव को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सद्प्रेरणा से आम जनमानस को जोड़ने के लिए जनसहभागिता व जनसहयोग अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान 18 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें लोगों से तेल, दीए, बाती, मोमबत्ती का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। इस अभियान से आम जनमानस का दीपोत्सव में भावनात्मक जुड़ाव भी होगा। कुलपति ने बताया कि अयोध्या का प्रांतीय दीपोत्सव पूरी दुनिया में सांस्कृतिक छटा बिखेर रहा है। इस आयोजन को लेकर भारतीय जनमानस सहित विश्वभर के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप रूप दे रहा है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी व सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य बनाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम की पैड़ी के 37 घाटों पर दीए बिछाने के लिए घाट पर लगभग लाख दीपों की आपूर्ति हो चुकी है। शेष दीप शीघ्र ही आयोजन स्थल पहुॅच जायेंगे। घाटों के चिन्हिकरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है। 21 अक्टूबर से आवासीय परिसर के वालंटियर्स सभी घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू कर देंगे। वहीं 22 व 23 अक्टूबर को विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों व अन्य संस्थानों के वालंटियर्स दीए में तेल व बाती लगाने का कार्य करेंगे। इसके के लिए समिति के सदस्यों का यथा–आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर दिया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी कमल नयन दास, अधिकारी राजकुमार दास, हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास, लक्ष्मण किला के महंत, बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान, मसौधा ब्लाक प्रमुख अभिषेक सिंह, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह,भाजपा नेता अभय सिंह, पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह, अमनदीप सिंह , अवध विश्वविद्यालय के शिक्षकगण सहीत संस्कृत गुरुकुल के वेद पाठी, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. एसके रायजादा, प्रो. आरके सिंह, प्रो. फारूख जमाल, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. रमापति मिश्र, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, भाजपा के संजीव कुमार सिंह, शिवेन्द्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. वन्दिता पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय, डॉ. सरोज सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सामूहिक दुरदुरिया अनुष्ठान समाज के लिए कल्याणकारी रू प्रशांत उपाध्याय

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। 51 सौ मातृ शक्तियों का सामूहिक दुरदुरिया अनुष्ठान समूचे समाज व क्षेत्र लिए निश्चित ही कल्याणकारी साबित होगा।ऐसे धार्मिक अनुष्ठान सामूहिकता एवं भारतीय संस्कृति को जागृत करते हैं। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज के चेयरमैन पद प्रत्याशी प्रशांत उपाध्याय ने कुमारगंज कस्बा स्थित पंचायत भवन पर 51सौ मातृ शक्तियों का सामूहिक दुरदुरिया कार्यक्रम आयोजित किया, आयोजक प्रशांत कुमार उपाध्याय ने कहा कि ऐसे जनकल्याणकारी धार्मिक अनुष्ठान हमारी संस्कृति एवं परंपराओं के परिचायक है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर नारियों का सम्मान होता है वहां पर देवता निवास करते हैं,इतनी बड़ी भारी संख्या में मातृ शक्तियों का यह धार्मिक कार्यक्रम माताओं की आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम आयोजक प्रशांत उपाध्याय ने 51 सौ मातृ शक्तियों को साड़ी भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया, उन्होंने बताया कि दुरदुरिया कार्यक्रम मैं पिछले 7 वर्षों से करता आ रहा हूं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करूगा, इस मौके पर इसौलीभारी ग्राम प्रधान आशीष सिंह, विनोद अग्रहरि, प्रवीण उपाध्याय, अंतिम उपाध्याय, अरूण गोस्वामी, मुकेश, महेश उपाध्याय, विजयानंद, सोनू ,मोनू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में पहले दिन शामिल हुए 3212 परीक्षार्थी, 1828 ने छोड़ी परीक्षा

- जिले में 5 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई परीक्षा
- डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का भ्रमण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले में शनिवार को पीपहले दिन की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। दो दिनों तक चलने वाले प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के पहले दिन जिले के पांचों केन्द्रों पर 3212 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1828 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के



सकुशल संचालन में प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखे। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजेश सक्सेना की निगरानी में परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के सघन तलाशी अभियान के साथ साथ परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी से पैनी नजर रखी गई। परीक्षा की नोडल अधिकारी एडीएम न्यायिक ज्योति गौतम व जिला प्रबंधक डॉ राजीव रंजन ने बताया कि प्रथम पाली में एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में 637 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 347 ने परीक्षा छोड़ दी। एमपीपी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 239 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वही 145 अनुपस्थित रहे। इसिकराम में डीएवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 240 छात्रों ने परीक्षा दी 144 अनुपस्थित रहे। बलरामपुर बालिका विद्यालय में बने सेंटर पर 310 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जबकि 170 अनुपस्थित रहे। एमएलके महाविद्यालय के विज्ञान संकाय ब्लॉक ए में 159 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 129 छात्र परीक्षा में शामिल नही हुए। प्रथम पाली की परीक्षा में जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर 1585 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 935 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में एमपीपी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में 237 छात्र उपस्थित हुए 147 ने परीक्षा छोड़ दी। डीएवी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर 234 परीक्षार्थी शामिल हुए वही 150 छात्र अनुपस्थित रहे। एमएलके महविद्यालय के ब्लॉक ए में बने परीक्षा केंद्र 184 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 104 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बालिका इंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर 305 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 175 परीक्षार्थी परीक्षा से विरत रहे। एमएलके पीजी कॉलेज में 667 परीक्षार्थी सेंटर पर परीक्षा देने पहुंचे जबकि 317 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 1627 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 893 ने परीक्षा छोड़ दी। पहले दिन परीक्षा में 5040 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 3212 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के सकुशल संचालन में डीआईओएस गोविंदराम व डॉ चन्दन पाण्डेय, सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी व जवान मुस्तैदी से डटे रहे।

# निकाय चुनाव सभी सीटों पर लड़ेंगी 'आप' : सभाजीत सिंह

## 31 अक्टूबर से 10 नवंबर "सरयू से संगम" तक सांसद संजय सिंह की होने वाली पदयात्रा की तैयारियों में जुटी आप

अयोध्या(आरएनएस)। "महँगाई भगाओ, रोजगार बचाओ" पदयात्रा "सरयू से संगम" तक 31 अक्टूबर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती से 10 नवम्बर तक आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में "महंगाई भगाओ, रोजगार बचाओ" होने वाली पदयात्रा की तैयारियों में पार्टी जुट गई है। आम आदमी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने सिविल लाइन स्थित होटल सभागार में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओ की बैठक कर पदयात्रा को सफल बनाने की लोगों को जिम्मेदारी सौंपी। आज की बैठक में आम आदमी पार्टी से नगर निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक बड़ी संख्या में लोगों को आवेदन फार्म दिए गए। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या सरयू तट से सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में शुरू होने वाली पदयात्रा ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तैयारियां शुरू कर दें जिस भी साथी को जिम्मेदारी दी गई है उसे हर हाल में सफल बनाना है।

श्री सिंह ने कहा कि सांसद संजय सिंह सहित सभी पद यात्रियों का अयोध्या की धरती पर में ऐतिहासिक स्वागत होगा । सभाजीत सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी नवंबर दिसंबर में प्रस्तावित निकाय चुनाव की तैयारी कर रही है. आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार बनने वाले इच्छुक व्यक्ति को आवेदन फार्म भरने होंगे । आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव समिति के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि मेयर, पार्षद,चेयरमैन, सभासद पद हेतु इच्छुक प्रत्याशियों को आवेदन पत्र भरना होगा, आवेदन पत्र निशुल्क है।

आवेदन फार्म जिला कार्यालय, प्रांत कार्यालय और प्रदेश कार्यालय पर मिलना शुरु हो गया है चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि प्रत्याशियों के चयन में ट्रिपल सी का ध्यान रखा जाएगा . ट्रिपल सी में कैरेक्टर, करप्शन और क्रिमिनल शामिल है। यानी साफ–सुथरी छवि, भ्रष्टाचार का आरोप न हो और कोई आपराधिक रिकार्ड न हो उसे ही पार्टी प्रत्याशी घोषित करेगी । आप नगर निकाय चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि चुनाव में प्रत्याशी बनाने से पहले स्क्रीनिंग कमेटी उस व्यक्ति के बारे में पूरी छानबीन करेंगे। आवेदन फार्म पर एक कालम इसका भी है कि कोई आपराधिक मुकदमा तो नहीं दर्ज है या भ्रष्टाचार आदि का आरोप तो नहीं है। आवेदन लेने के बाद पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी जिसमें संगठन के बड़े नेता, शिक्षाविद व अधिवक्ता शामिल हैं, वह जिला संगठन से संपर्क कर उसके बारे में पूरी छानबीन करेंगे. चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों को यह भी बताना होगा कि चुनाव जीतने के लिए उनकी रणनीति क्या होगी साथ–साथ उन्हें बताना होगा कि वह अन्य उम्मीदवारों से किस प्रकार बेहतर और सक्षम हैं. उन्होंने यह भी जानकारी साझा की की उम्मीदवार को वार्ड के प्रत्येक बूथ पर 10 आम आदमी पार्टी के साथियों का नाम और नंबर देना होगा इसी के साथ वार्ड के प्रत्येक मोहल्ले से भी 10 आप साथियों के नाम और नंबर उपलब्ध कराने होंगे और अंत में अपने आपराधिक मुकदमों की जानकारी भी स्पष्ट रूप से देनी होगी, जिसकी गहनता से आप चुनाव समिति जांच करेगी. चुनाव समिति के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी नगर निकाय चुनाव में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। साथ ही साथ दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के कामों शिक्षा, चिकित्सा, बिजली पानी जैसे कामों को जनता के बीच प्रमुखता से प्रचारित करेंगी। बैठक में प्रमुख लोगों में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति नदीम रजा, गायत्री मिश्रा,सूरज प्रधान, प्रहलाद शर्मा यू के द्विवेदी, अशोक गौड़ हर्षवर्धन कोरी, सुनील कुमार, विनोद रावत, किशन नाथ यादव, नन्हे अली, राकेश पटेल, सुरेश कुमार कनौजिया, दिलीप बर्मा, मोहम्मद सिराज, सचिन गुप्ता शारजाह, मो इसराइल घोसी, मो हाफिज सचिन गुप्ता, गुड़िया खान उदय राज यादव मो कैफ गायत्री मिश्रा शकील, राकेश पटेल संदीप पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# दिन का तापमान बढ़ने और रात का तापमान कम होने की जताई संभावना

कानपुर। पिछले दिनों हुई लगातार वर्षा के बाद मौसम में अब फिर से बदलाव हो रहा है। हवा की दिशा बदलकर उत्तर पश्चिमी होने से बादलों की आवाजाही कम हुई है और वर्षा की गतिविधियां रुकी हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक दिन का तापमान बढ़ने और रात का तापमान कम होने की संभावना जताई है। इस दौरान दिन में तेज धूप भी खिलेगी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसएवि) के मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि वर्तमान में उत्तर–पश्चिमी हवा चलने के कारण उत्तर–पश्चिम और मध्यभारत के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। एक चक्रवाती हवा का क्षेत्र उत्तरी अंडमान सागर व आसपास के इलाकों पर है। हिमालय के ऊपरी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ भी आ रहे हैं, जिनके प्रभाव से उत्तर पश्चिम से सर्द हवा का गंगा के मैदानी क्षेत्र में असर दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह तक आकाश में हल्के बादलों की आवाजाही रहने की संभावना जताई है, लेकिन इस दौरान वर्षा के आसार नहीं हैं। 20 अक्टूबर के बाद बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र फिर से बनने की संभावना है। इसके बाद फिर से बादलों की आवाजाही बढ़ेगी।

# कृषि विवि कुमारगंज में लगा मसाला वैज्ञानिकों का महाकुंभ

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की 33वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें देशभर के 22 राज्यों से लगभग 90 वैज्ञानिक कार्यशाला में हिस्सा लिए है। कार्यशाला के दौरान देश के प्रसिद्ध मसाला वैज्ञानिक, मसाला अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं, तकनीकियों व समस्याओं पर गहन चर्चा करेंगे। कार्यशाला को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डा. संजय पाठक व मुख्य अन्वेषक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गठित कमेटी करेगी। बतातें चलें कि अखिल भारतीय मसाला अनुसंधान परिषद का प्रधान कार्यालय कोजीकोड केरल में है। पूरे देश में इसके 38 सेंटर स्थापित हैं जिसमें से एक सेंटर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में भी है। जिसके प्रोजेक्ट इन्वेस्टीगेटर डा. प्रदीप कुमार हैं। विगत वर्षों से आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की मसाला परियोजना एक रेगुलर केंद्र की तरह 1996 से संचालित हो रहा है। इसके अंतर्गत मसाला की 7 आधिकारिक फसलों जैसे हल्दी, अदरक, धनिया, मेथी, सौंफ, कलौंजी एवं अजवाइन पर अनुसंधान किया जा रहा है। यही नहीं इस केंद्र से अबतक 11 विभिन्न मसाला फसलों की प्रजातियां भी विकसित की जा चुकी हैं।

# भाकियू के जिला उपाध्यक्ष बने मोहम्मद इस्लाम

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक बैठक पूरा बाजार ब्लॉक पर की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने की। बैठक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट छोड़कर आये सैकड़ों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की सदस्यता ली। बैठक में जगतपाल सिंह जिला महासचिव रामप्रताप गुप्ता मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से मोहम्मद इस्लाम को जिला उपाध्यक्ष, रामजीत पांडे को तहसील अध्यक्ष बीकापुर मनोनीत किया गया बैठक सुशील कुमार पांडे प्रदीप पांडे हरिश्चंद्र सिंह रामप्रसाद सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने राहत सामग्री का वितरण किया

## विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी अपने हाथों में बड़े–बड़े राशन के बोरे उठाकर बाढ़ के पानी में जाते हुए नजर आ रहे







राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
बढनी/सिद्धार्थनगर। तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित के धेवाक्य के साथ शनिवार को बढ़नी बाढ क्षेत्र में निकले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र के पुनर्निर्माण हिंदू धर्म हिंदू संस्कृति भारत पुनः विश्व गुरु बने इसलिए अपना जीवन समर्पित किया। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं के साथ बढ़नी क्षेत्र के रेकहट गांव के करीब 200 परिवार में बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। विगत दिनो से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों से मिलकर उन्हें राशन पानी आदि जरूरी चीजों को उपलब्ध करवा रहे हैं आज फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने साबित कर दिया कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित है जहां एक तरफ विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी अपने हाथों में बड़े–बड़े राशन के बोरे उठाकर बाढ़ के पानी में जाते हुए नजर आते हैं तो वहीं उनके साथ कार्यकर्ता भी कंधे से कंधा मिलाकर लगातार पानी में घुसकर लोगों की सहायता कर रहे हैं शनिवार को बढ़नी क्षेत्र के सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लोगों की मदद की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राहत सामग्री में चुरा ,गुड़ ,गट्टा, बिस्किट, लाई आदि के पैकेट करवा कर लगातार बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को देकर उनकी सहायता कर रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धार्थनगर के जिला संघचालक गोकुल गोयल ,विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी बढ़नी खंड के खंड संघचालक अजय जयसवाल ,खंड कार्यवाह डॉ राजन उपाध याय, बढ़नी नगर के नगर कार्यवाह सचिन गोयल ,भाजपा नेता सुनील अग्रहरी अपना सक्रिय योगदान देते नजर आ रहे है इनके साथ सहयोग में डॉ प्रल्हाद यादव ग्राम प्रधान रिकॉर्ड रामसूरत यादव आदि लगे रहे।

## मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता लेकर प्रतियोगिता का आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को सप्तम् आयुर्वेद दिवस 23 अक्टूबर, 2022 अन्तर्गत ष्हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के द्वारा आयुर्वेद को बढावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर मेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता” बिषय पर डा० भीमराव अम्बेडकर सभागार मे बैठकआयोजित की गयी। जिसमें 48 विद्यालयों के 68 छात्र ध छात्राओं नें प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया । क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारीध नोडल अधिकारी सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल दल के सदस्य प्रशासनिक अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक, सिद्धार्थनगर, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डा० अशोक कुमार गौर्य, प्राचार्य शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़ द्वारा प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। जिसमें 1– ज्ञानवी शुक्ला विकास इण्टर कालेज, खेसरहा, ने 24.50 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर 2– साक्षी पाण्डेय जयकिसान इण्टर कालेज, सनई ने 22.80 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर 3 दृ मान्सी शुक्ला जनता विद्या मन्दिर उदयराजगंज, ने 22.05 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर 4 दृ नाजिया खातून राजकीय कन्या इण्टर कालेज, तेतरी बाजार ने 21.75 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान पर 5 दृ शारदा शर्मा राजा रतनसेन इण्टर कालेज, बांसी ने 21.50 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान पर चयनित हुए। इस प्रकार प्रथम विजेता को पुरस्कार राशि 5100.00, द्वितीय विजेता को पुरस्कार राशि 2100.00, तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि 1100.00, चतुर्थ व पंचम विजेता को सांत्वना पुरस्कार राशि 501.00 रू0 विधायक विनय वर्मा विधान सभा क्षेत्र – शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर के कर कमलों द्वारा वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसिस्ट संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर डा० राजेश अग्रहरि, डा० अनुराग मिश्र, रविन्द्र नाथ पाण्डेय, अरूण कुमार त्रिपाठी, जयप्रसाद त्रिपाठी, श्री मुकेश कुमार शर्मा, सच्चिदानन्द शुक्ल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी डा० अशोक कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

## सांसद ने डुमरियागंज में बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगो का हालचाल जाना

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा मुख्य







विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ तहसील डुमरियागंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम सीरमझारी, जंगलडीह, राजपुर, कोहल, महोखवा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुॅचकर बाढ़ प्रभावित लोगो का हालचाल जाना। सांसद डुमरियागंज एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा बाढ़ पीड़ितो को लंच पैकेट, लाई, चना, साड़ी एवं पानी का का वितरण किया गया। सांसद ने ग्रामीणो को विश्वास दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। किसी को कोई परेशानी नही होने दी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित तहसीलो में संबधित उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देश दिया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया जा रहा है किसी को भोजन आदि की समस्या नही होने पायेगी।

## दिन भर बाढ़ प्रभावित ग्रामो मे निरीक्षण करते नजर आये सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। 15 अक्टूबर 2022ध सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ



तहसील डुमरियागंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम सीरमझारी, जंगलडीह, राजपुर, कोहल, महोखवा का भ्रमण किया गया।भ्रमण के दौरान मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुॅचकर बाढ़ प्रभावित लोगो का हालचाल जाना। मा0 सांसद डुमरियागंज एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा बाढ़ पीड़ितो को लंच पैकेट, लाई, चना, साड़ी एवं पानी का का वितरण किया गया। मा0 सांसद जी ने ग्रामीणो को विश्वास दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। किसी को कोई परेशानी नही होने दी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित तहसीलो में संबधित उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देश दिया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया जा रहा है किसी को भोजन आदि की समस्या नही होने पायेगी।

## शोहरतगढ़ के बाढ़ से ग्रसित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश
तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में बाढ़ की कहर से कई गांव पानी से घिर चुका है। मुख्य सड़क पर जल जमाव से आवाजाही बंद हो गया है। गांव में बसे लोगों को खाने पीने और रहने की समस्या होने लगी है। घर में रखा समान खराब हो चुका है। बेजुबान जानवरों को चारे के लिए समस्या आ चुकी ा अपने अपने तरीके से बाढ़ में फसे लोगों की मदद कर रहे हैं। सांसद, विधायक, जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार,ढेबरुआ व शोहरतगढ़ पुलिस सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मदद करने में लग चुके हैं। बाढ़ से घिरे गांव, खैरी शीतल प्रसाद,रामनगर, पकडीहवा, बसहिया, तौलिहवा, बालानगर,कचिरहवा, सहित सैकड़ों गांवो में बाढ़ राहत सामग्री और दवा बाटा गया। बढनी ब्लाक के तेज तर्रार पत्रकार सद्दाम खान के कमरे में पानी भरने से पूरा समान खराब हो गया। मोटरसाइकिल, विद्यालय डोकोमेंट और दस हजार रुपये डूब गया। मिशन मोदी है। जिला के प्रशासन, शासन,एनजीओ, ट्रस्ट,जनप्रतिनिधि मिठवनीया, मटियार उर्फ भूतहवा, तालकुंडा, खैरी उर्फ झुंगहवा,खैरा, अल्पशंख्यक मोर्चा के जिला अधयक्ष आफाक अहमद उर्फ सानू , उपाध्यक्ष मसरूर आलम,ब्लॉक अधयक्ष सरफराज अहमद, अखलाक अहमद उर्फ अन्नू ,असलम सिद्दीकी के द्वारा भुतहवा,भुतहियां ,नजरड़्वा, मटियार खैरी उर्फ झुंगहवा इत्यादि गांव में खाद्य सामग्री पानी आदि का वितरण किया गया और लोगो को शासन से उचित मदद कराने का आश्वासन दिया। विकास खण्ड बढ़नी अंर्तगत बाढ़ से प्रभावित गांवों में चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ सौरभ गुप्ता,विधायक विनय वर्मा और सांसद प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश पहलवान द्वारा ग्राम पंचायत तौलिहवा,प्रतापपुर, इटहिया, केवटलीया,गोनहा सहित दर्जनों गांवों में राहत सामग्री लाई,पानी बोतल, केला,सेब,विस्कुट आदि सामग्री का वितरण किया गया। साथ में हियुवा जिला महामंत्री व पूर्व सदस्य जिला पंचायत अजय सिंह के सोनू पहलवान,चंदन वर्मा,विशुनदेन तिवारी,रामकरन यादव,गोली निषाद ,हफीजुल्ला, श्रवण चौहान,निषाद पार्टी के जिला महामंत्री उमेश निषाद,युवा समाजसेवी सुरेन्द्र चौहान,युवा भाजपा अनिल अग्रहरि,नेता पिन्टू,देवेंद्र यादव,राजू मौर्या, मौर्या,धर्मेंद्र मौर्या, श्रवण चौहान,गया प्रसाद जायसवाल,रफीक अहमद, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।





## दीपावली से पहले वेतन, बोनस व डीए देंने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दीपावली से पहले वेतन,बोनस व डीए दिलाने की मांग की है।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाई0के0द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता,जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय के हस्ताक्षर से जिलाधिकारी को दिए गये पत्र लिखा है कि 24 अक्टूबर को दीपावली,30 अक्टूबर को छठ का महापर्व है।जिसे सभी कर्मचारी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाते हैं।माह अक्टूबर का वेतन, बोनस व माह जुलाई से डीए देने की मांग की है।

## सम्पादकीय

**जो लोग कांग्रेस विधायकों को तोडने का दावा कर रहे थे वे भी हैरान परेशान हैं कि इन तीन विधायकों को राहत क्यों नहीं मिल पा रही है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि पहले तो इरादा था कि कांग्रेस के विधायक टूटते हैं तो सरकार गिरा दी जाए लेकिन अब तुरंत भाजपा ऐसा इसलिए नहीं चाहती है क्योंकि ...**

# झारखंड में क्या चाहती है भाजपा?



किसी को समझ में नहीं आ रहा है कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी आखिर क्या चाहती है। सबसे ज्यादा पार्टी के प्रदेश नेता ही परेशान हैं क्योंकि उनको समझ में नहीं आ रहा है कि आलाकमान की क्या मंशा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेचौनी अपनी जगह है क्योंकि उनकी कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। उनकी विधानसभा सदस्यता दांव पर लगी है। लाभ के पद के मामले में चुनाव आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को भेज दी है, जिसे राज्यपाल रमेश बैस पिछले डेढ़ महीने से ज्यादा समय से लेकर बैठे हैं। मुख्यमंत्री के भाई और पार्टी के विधायक बसंत सोरेन की सदस्यता को लेकर भी चुनाव आयोग की सिफारिश डेढ़ महीने से राज्यपाल के पास लंबित है। संवैधानिक प्रावधानों के लूप होल का इस्तेमाल करके राज्यपाल रिपोर्ट दबाए बैठे हैं। उनकी कोई बाध्यता नहीं है कि वे कितने समय में चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर फैसला करेंगे। इस बीच केंद्रीय एजेंसियां एक एक करके सरकारी और राजनीतिक व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रही है। राज्य सरकार की वरिष्ठ अधिकारी पूजा सिंघल को ईडी ने गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है। राज्य सरकार के करीबी माने जाने वाले कारोबारियों प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव और अमित अग्रवाल को भी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव से कई बार ईडी की पूछताछ हो चुकी है और उनके ऊपर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। राज्य में जब भी कोई नई गिरफ्तारी होती है तो मुख्यमंत्री बनने की आस लगाए बैठे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की बांछें खिल जाती हैं। वे ट्विट करने लगते हैं। उनके करीबी भाजपा सांसद निशिकांत दुबे तो पिछले पांच–छह महीने में कई बार मुख्यमंत्री और सरकार की श्रद्धांजलि लिख चुके हैं। अब वे भी थक हार कर बैठ गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने भी बड़ी भागदौड़ की। ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में कभी भी टूट सकती है और 12 से 15 विधायक भाजपा के साथ चले जाएंगे। लेकिन अब सारी अटकलें थम गई हैं। कथित तौर पर भाजपा से पैसे लेने के आरोपी तीन विधायक जमानत पर छूट तो गए हैं लेकिन शर्तों के मुताबिक वे अभी कोलकाता से बाहर नहीं जा सकते हैं। जो लोग कांग्रेस विधायकों को तोडने का दावा कर रहे थे वे भी हैरान परेशान हैं कि इन तीन विधायकों को राहत क्यों नहीं मिल पा रही है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि पहले तो इरादा था कि कांग्रेस के विधायक टूटते हैं तो सरकार गिरा दी जाए लेकिन अब तुरंत भाजपा ऐसा इसलिए नहीं चाहती है क्योंकि मुख्यमंत्री ने 1932 का खतियान लागू करने से लेकर पुरानी पेंशन योजना सहित कई ऐसी योजनाओं की घोषणा कर दी है, जिसे लागू करना मुश्किल है। सो, भाजपा अभी सरकार गिराने की बजाय इंतजार करेगी और सरकार वादों को पूरा नहीं कर पाएगी तो उसे एक्सपोज करेगी।

## बोली का जवाब गोली से क्यों?

वेद प्रताप वैदिक

भारत के सर्वोच्च न्यायालय में नफरती भाषणों के खिलाफ कई याचिकाओं पर आजकल बहस चल रही है। उन याचिकाओं में मांग की गई है कि मजहबी लोग, नेताओं और टीवी पर बहसियों के बीच जो लोग घृणा फैलाने वाले जुमले बोलते और लिखते हैं, उनके खिलाफ सरकार सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्त सजा और जुर्माने के लिए भी मजबूर करे। असलियत यह है कि भारत में सात कानून पहले से ऐसे बने हैं, जो नफरती भाषण और लेखन को दंडित करते हैं लेकिन नया सख्त कानून बनाने के पहले असली सवाल यह है कि आप नफरत फैलानेवाले भाषण या लेखन को नापेंगे किस मापदंड पर! आप कैसे तय करेंगे कि फलां व्यक्ति ने जो कुछ लिखा या बोला है, उससे नफरत फैल सकती है या नहीं? किसी के वैसा करने पर कोई दंगा हो जाए, हत्याएं हो जाएं, जुलूस निकल जाएं, आगजनी भड़क जाए या हड़ताल हो जाए तो क्या तभी उसकी उस हरकत को नफरती माना जाएगा? यह मापदंड बहुत नाजुक है और उलझनभरा है। हमारी अदालतें मामूली मामले तय करने में बरसों खपा देती हैं तो ऐसे उलझे हुए मामले वह तुरंत कैसे तय करेगी? यदि कोई किसी जाति या मजहब या व्यक्ति या विचार के विरुद्ध कोई–बहुत जहरीली बात कह दे और उस पर कोई दंगा न हो तो अदालत और सरकार का रवैया क्या होगा? ऐसे सख्त कानून का दुष्परिणाम यह भी हो सकता है कि कई मुद्दों पर खुली बहस ही बंद हो जाए। किसी नेता, पार्टी, विचारधारा, धर्मग्रंथ या देवी–देवताओं की स्वस्थ और तर्कसंगत आलोचना का भी लोप हो जाए। यदि ऐसा हुआ तो यह नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन तो होगा ही, देश में पाखंड, अंधविश्वास और धूर्त्तता की भी अति हो जाएगी। ऐसा होने पर महर्षि दयानंद, डॉ. आंबेडकर, बर्ट्रेंड रसेल जैसे सैकड़ों विद्वानों के ग्रंथों पर प्रतिबंध लगाना होगा। इसीलिए भारत में हजारों वर्षों से शास्त्रार्थ की खुली परंपरा चलती रही है, जिसका अभाव हम यूरोप और अरब जगत में सदा से देखते आ रहे हैं। पिछले दो–तीन सौ साल में ईसाई जगत तो काफी उदार हुआ है लेकिन हम अरबों की, नकल क्यों करें? जिसको जिस धर्मग्रंथ या धर्मपुरूष या जाति या पार्टी या नेता के खिलाफ जो कुछ बोलना हो, वह बोले लेकिन उसके जवाबी बोल को भी वह सुने, यह जरुरी है। बोली का जवाब गोली से देना कहां तक उचित है? जो बोली के जवाब में गोली चलाए, उसको सजा जरुर मिलनी चाहिए लेकिन यदि अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध लग जाएगा तो भारत, भारत नहीं रह जाएगा। यदि बोली के जवाब में नागरिक गोली न चलाएं तो सरकार भी अपना गोला क्यों चलाए? गोली और गोला बोली के विरुद्ध नहीं, दंगाइयों के विरुद्ध चलने चाहिए। जो नफरती या घृणास्पद भाषण या लेखन करते हैं, वे अपनी इज्जत खुद गिरा लेते हैं।

# त्योहारी मौसम में महंगाई

**सरकार अगर महंगाई की समस्या को स्वीकार कर ले, तब भी समाधान की कोई उम्मीद रहेगी। लेकिन जब सरकार मानेगी ही नहीं कि महंगाई है, या रूपए की कीमत गिरना कोई चिंता की बात है, तो फिर समाधान के कदम क्यों उठाएगी। 2008 की मंदी तो भारत झेल गया था, क्योंकि तब डॉ. मनमोहन सिंह के हाथों में देश की बागडोर थी, जो कम बोलते थे, लेकिन अपने विषय के ज्ञाता थे। 2008 से 2022...**

अमृतकाल में त्योहारी मौसम में लोगों पर राहत का अमृत बरसना चाहिए था, ताकि वे उत्सव का भरपूर आनंद ले सकें। लेकिन महंगाई से लगातार त्रस्त लोगों पर अब फिर से महंगाई का चाबुक पड़ने वाला है। खुदरा मुद्रास्फीति सितम्बर माह में 7.41 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पांच महीने में सबसे अधिक है। इससे पहले अगस्त में यह 7 प्रतिशत थी और तब सरकार ने दावा किया था कि महंगाई को काबू में करने के तमाम उपाय किए जा रहे हैं। अब सरकार के दावों का सच तो वही जाने, फिलहाल धरातल पर तो यही नजर आ रहा है कि भारत की जनता को इस बार भी त्योहारों की खुशी में कटौती करनी पड़ेगी।

सरकार किस तरह से आर्थिक प्रबंधन कर रही है, इसका भी कोई ओर–छोर समझ नहीं आ रहा। एक ओर हजारों–करोड़ों रूपए धार्मिक ढांचे खड़े करने में लगाए जा रहे हैं, जो आलीशान से अधिक विलासितापूर्ण लगने लगे हैं। सरकार इन्हें विश्वस्तरीय कहती है, लेकिन जब लोगों के सामने भोजन के लाले पड़े हों, तब इस तरह के खर्चों का क्या औचित्य यह विचार किया जाना चाहिए।

अखबारों और चौनलों में सरकार के बड़े–बड़े विज्ञापन विकास कर रहे भारत का आभास कराते हैं। गहनों, गाड़ियों, और अन्य विलासी वस्तुओं के विज्ञापन इस आभास पर सच की मुहर लगाते दिखते हैं। लेकिन यह केवल देश के दो–तीन प्रतिशत लोगों का सच है। शेष जनता का सच यह है कि हर नए दिन की शुरुआत एक नए डर के साथ होती है कि आज किस मद में कितना खर्च बढ़ जाएगा। दीपावली जैसे मौकों पर सामान्य दिनों से अधिक खर्च होता है, पहले इसके लिए जनता बचत कर लेती थी। लेकिन अब बचत की गुंजाइश तो बेहद कम रह गई है, जरूरी खर्च भी पूरा करने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं।

अब खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने का मतलब यही है कि बाजार में चीजों के दाम फिर बढ़ जाएंगे। रिजर्व बैंक ने 2026 तक खुदरा मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत रखने का लक्ष्य रखा था और इसमें 2 प्रतिशत की गुंजाइश और जोड़ी गई थी, यानी हद से हद खुदरा मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत रहे। लेकिन अगस्त में यह 7 प्रतिशत तक रही और अब उससे भी .41 प्रतिशत अधिक होकर 7.41 हो गई है। इसका असर अब विकास दर पर भी पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले दिनों 2022 में भारत के आर्थिक विकास के अपने अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।

इसने पहले जुलाई के पूर्वानुमानों में आईएमएफ ने इस विकास दर को 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। पिछले हफ्ते विश्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। ये सारे अनुमान हवा में नहीं लगाए जा रहे, बाकायदा देश में उद्योगों का हाल, रोजगार की दशा, उत्पादन और विक्रय, बैंकों से लिए जा रहे कर्ज और उन कर्जों का भुगतान, आयात–निर्यात के आंकड़ों आदि के अध्ययन के बाद लगाए जा रहे हैं। जब इन तमाम क्षेत्रों में कोई बड़ा झोल दिखाई दे रहा होगा, तभी विकास दर के अनुमान को घटाया जा रहा होगा। अब यह सरकार का विवेक है कि वह अर्थव्यवस्था को लेकर लग रहे आरोपों को गलत साबित करने में अपनी शक्ति जाया करती है या फिर जो कमियां हैं, उन्हें सुधारने के लिए कोई बड़े कदम उठाती है। सरकार अब भी सचेत नहीं हुई, तो शायद आने वाले वक्त में गरीब जनता को कुछ और मुश्किल भरे दिन देखने मिल सकते हैं। क्योंकि दुनिया में अब मंदी की आहट फिर सुनाई दे रही है। आईएमएफ ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की है। साथ ही अर्थशास्त्री नूरील रूबिनी ने इस साल भयावह आर्थिक मंदी की चेतावनी दी है। रूबिनी ने 2008 की मंदी को लेकर भी समय से पहले आगाह किया था, लेकिन तब उनकी बातों को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लिया और फिर इसका खामियाजा सारी दुनिया ने भुगता। अब स्थिति पहले से अधिक चिंताजनक है। कोरोना महामारी के दौरान दुनिया भर की अर्थव्यवस्था ठप्प हो गई थी और उससे संभल पाते इससे पहले ही रूस–यूक्रेन युद्ध शुरु हो गया। इस वजह से अमेरिका, चीन, जर्मनी, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली जैसे तमाम विकसित देशों में अर्थव्यवस्था को जोरदार झटका लगा है। खाद्य एवं कृषि संगठन के हालिया आंकड़ों के मुताबिक दुनिया में इस साल अनाज की कीमतें 13.8 प्रतिशत बढ़ गई हैं। कई अफ्रीकी देशों में भुखमरी का संकट आ गया है और लाखों बच्चों को भूख से होने वाली मौत से बचाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विकसित देशों से मदद की अपील की है। भारत को अमेरिका और चीन दोनों देशों की गिरती अर्थव्यवस्था से नुकसान होगा, क्योंकि दोनों देश उसके बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। इसके अलावा रूपए की कीमत गिरने से भी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा, क्योंकि इसका सीधा संबंध कच्चे तेल की कीमतों से है। ये हालात बता रहे हैं कि आने वाला वक्त जनता के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार अगर महंगाई की समस्या को स्वीकार कर ले, तब भी समाधान की कोई उम्मीद रहेगी। लेकिन जब सरकार मानेगी ही नहीं कि महंगाई है, या रूपए की कीमत गिरना कोई चिंता की बात है, तो फिर समाधान के कदम क्यों उठाएगी। 2008 की मंदी तो भारत झेल गया था, क्योंकि तब डॉ. मनमोहन सिंह के हाथों में देश की बागडोर थी, जो कम बोलते थे, लेकिन अपने विषय के ज्ञाता थे। 2008 से 2022 के बीच देश में सरकार से लेकर नोट और बैंकिंग व्यवस्था से लेकर कर प्रणाली तक बहुत कुछ बदल गया है। ये बदलाव क्या देश की अर्थव्यवस्था को बचा पाएंगे, ये देखना होगा।

# राहुल के अच्छे अडानी, बुरे अडानी!

**राहुल गांधी अडानी के ऊपर हमले को जिस ऊंचाई पर ले गए थे वहां से उनकी जैसी वापसी हुई है वह बेहद दयनीय है। उनको पहले ही सोचना चाहिए था कि वे नाम लेकर एक कारोबारी के ऊपर हमले न करें। अगर हमला किया और उनका कन्विक्शन है कि अडानी समूह गलत है तो उनको उसी पर टिके रहना चाहिए। वहां से पीछे हटना उनके अब तक किए कराए पर पानी फेरने वाला होगा...**

अजीत द्विवेदी

भारत जोड़ो यात्रा कर रहे राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते कर्नाटक के तुरुवेकेर में प्रेस कांफ्रेंस की तो जिस सवाल को लेकर सबसे ज्यादा दिलचस्पी थी वह ये थी कि राजस्थान में अडानी समूह के 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव पर राहुल गांधी क्या कहते हैं? इस प्रेस कांफ्रेंस से ठीक पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ गौतम अडानी की फोटो आई थी और खबर थी कि अडानी समूह राजस्थान में 65 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। यह पूरा प्रकरण राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित श्इन्वेस्ट राजस्थानश् कार्यक्रम का था। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि अडानी–अंबानी हों या जय शाह हों, सबका स्वागत है क्योंकि राजस्थान को निवेश चाहिए और उसे अपने नौजवानों को रोजगार देना है। सो, गहलोत ने बांहें फैला कर अडानी का स्वागत किया।

इस बारे में जब पूछा गया तो राहुल गांधी का जवाब था– मैं कॉरपोरेट के खिलाफ नहीं हूं। मैं मोनोपॉली के खिलाफ हूं। राजस्थान में प्रक्रिया के हिसाब से वहां सब कुछ सही है। सरकार ने कोई पावर यूज कर वहां अडानी को फायदा नहीं पहुंचाया है। अगर, कभी फायदा पहुंचाया जाएगा, तो मैं सबसे पहले विरोध करुंगा। पहली नजर में राहुल के इस रिस्पांस में कुछ भी गलत नहीं है। कोई भी पार्टी या नेता किसी कॉरपोरेट के खिलाफ क्यों होगा या कोई भी पार्टी अपने शासन वाले राज्य में किसी भी निवेश का विरोध क्यों करेगी?

लेकिन क्या अडानी समूह का मामला इतना सरल है, जितना किसी भी कॉरपोरेट का होता है? क्या राहुल गांधी की नजर में गौतम अडानी किसी भी अन्य कॉरपोरेट लीडर की तरह ही हैं? क्या वे सिस्टम को मैनिपुलेट करके मोनोपॉली बनाने वाले कारोबारी नहीं हैं? फिर क्यों वे अडानी–अंबानी का नाम लेकर उनको निशाना बनाते रहे थे? क्या राहुल गांधी अडानी के मामले में अपनी पुरानी राय से पलट रहे हैं? क्या वे अडानी की बजाय सिर्फ केंद्र की भाजपा सरकार को गलत मान रहे हैं? और सबसे बड़ा सवाल है कि क्या वे आगे अडानी समूह को निशाना बनाएंगे या राजस्थान में निवेश का प्रस्ताव पेश करके अडानी समूह के सारे कथित पाप धुल गए?

इन सवालों का जवाब खोजने से पहले यह देखें कि राहुल गांधी किस बात के लिए अडानी पर हमला करते रहे हैं। वे हमेशा अडानी को प्रधानमंत्री का क्रोनी बताते रहे हैं। उनका आरोप है कि सारी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करके अडानी समूह को ठेके दिए जा रहे हैं और सरकारी संपत्ति उनके हाथों औने–पौने दाम में बेची जा रही है। उनके आरोप हैं कि सरकारी बैंकों में जमा आम लोगों का पैसा अडानी समूह को मनमाने तरीके से दिया जा रहा है। अडानी समूह के बारे में स्वतंत्र एजेंसियों की जो रिपोर्ट है उसमें भी कहा गया है कि कंपनी श्ओवर लिवरेज्डश् है यानी कंपनी को जरूरत से ज्यादा सुविधाएं मिल रही हैं और उसकी हैसियत बढ़ाई जा रही है। कंपनी के ऊपर दो लाख 60 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है और यह भी रिपोर्ट आई है कि जरा सी भी गड़बड़ी हुई तो कंपनी के साथ साथ देश के अनेक बैंकों का भट्ठा बैठेगा और देश की अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह से डगमगा जाएगी।

कंपनी के पास ठोस पूंजी नहीं है और उसकी जो भी हैसियत है वह शेयर बाजार में कृत्रिम तरीके से लाई गई तेजी की वजह से है। उनकी कंपनियों के शेयरों के भाव अनाप–शनाप बढ़े हैं, जिससे उनकी पूंजी बढ़ी हुई दिखती है। उनकी एक एक कंपनी की बाजार पूंजी उस कंपनी के वास्तविक राजस्व से हजार गुना तक ज्यादा है, जबकि दूसरी कंपनियों के मामले में यह तीन–चार गुना ही ज्यादा है। यह भी तथ्य है कि गौतम अडानी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी सात कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं इसके बावजूद फॉर्चून 500 यानी दुनिया की सबसे बड़ी पांच सौ कंपनियों में उनकी एक भी कंपनी नहीं है। ये सब कुछ स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट से जाहिर हुई हकीकत है और अडानी समूह को इन बातों को लेकर कठघरे में खड़ा किया जाता है। उसको इसलिए क्रोनी कहा जाता है क्योंकि ऐसे आरोप लगे हैं कि सरकारी एजेंसियों की ओर से दूसरी कंपनियों पर दबाव डाल कर उनको बाध्य किया गया कि वे अडानी को अपनी कंपनी बेचें। ये आपराधिक आरोप हैं।

इसलिए अडानी समूह का मामला किसी दूसरे कॉरपोरेट की तरह का नहीं है। अडानी समूह के मामले में राहुल गांधी चुनिंदा रवैया नहीं अख्तियार कर सकते हैं। अब तक वे जिस तरह से और जिन बातों के लिए अडानी समूह की आलोचना करते रहे हैं उसे देखते हुए राजस्थान में निवेश के प्रस्ताव पर उनका पहला स्वाभाविक सवाल होना चाहिए था कि अडानी समूह कहां से 65 हजार करोड़ रुपए लाएगा? खुद राहुल गांधी और उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ आरोप लगाते रहे हैं कि अडानी समूह के पास कोई पूंजी नहीं है और बैंकों में जमा आम आदमी का पैसा उसको उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि वह अपने कारोबार का विस्तार कर सके। फिर भी किसी ने यह नहीं पूछा कि राजस्थान में निवेश के लिए कंपनी कहां से पैसा लाएगी? जब कंपनी कहीं और निवेश की बात करती है या कोई नया बिजनेस खरीदने की बात करती है तो इस बात के लिए उसकी आलोचना होती है कि बैंकों का पैसा मनमाने तरीके से उसको दिया जा रहा है। फिर यह सवाल राजस्थान में निवेश के बारे में भी पूछा जाना चाहिए था। अब तक अडानी बुरे थे, क्रोनी थे, उनके लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा था, बैंकों में जमा पैसा उनको देकर आम आदमी की गाढ़ी कमाई से खिलवाड़ हो रहा था और अब अडानी समूह किसी भी दूसरे कॉरपोरेट घराने की तरह एक सामान्य कारोबारी घराना हो गया, जो राजस्थान में निवेश करने जा रहा है! क्या अब अडानी समूह केंद्र सरकार का क्रोनी नहीं है? क्या अब अडानी समूह मोनोपॉली नहीं बना रहा है? क्या अब अडानी समूह के लिए सिस्टम का इस्तेमाल नहीं हो रहा है? राहुल गांधी को समझना होगा कि अच्छे अडानी और बुरे अडानी का खेल नहीं हो सकता है।

अडानी समूह अब भी लॉजिस्टिक से लेकर हवाईअड्डे और बंदरगाहों पर एकाधिकार बना रहा है। खाने–पीने की चीजों के उत्पादन से लेकर भंडारण तक पर उसका एकाधिकार बन रहा है। मीडिया पर उसकी मोनोपॉली बन रही है। ग्रीन एनर्जी और बुनियादी ढांचे के निर्माण में प्रवेश के साथ ही कंपनी इस सेक्टर की सबसे बड़ी खिलाड़ी बन रही है। इन सबको देखते हुए सिर्फ इसलिए उस पर सवाल उठाया जाना बंद नहीं किया जा सकता है कि अब उस समूह ने एक कांग्रेस शासित राज्य में निवेश का प्रस्ताव पेश किया है। राहुल गांधी अडानी के ऊपर हमले को जिस ऊंचाई पर ले गए थे वहां से उनकी जैसी वापसी हुई है वह बेहद दयनीय है। उनको पहले ही सोचना चाहिए था कि वे नाम लेकर एक कारोबारी के ऊपर हमले न करें। अगर हमला किया और उनका कन्विक्शन है कि अडानी समूह गलत है तो उनको उसी पर टिके रहना चाहिए। वहां से पीछे हटना उनके अब तक किए कराए पर पानी फेरने वाला होगा।



# हाथों को साफ रखें–बीमारियों से बचें: सीएमओ

सीतापुर। हमारे हाथों में काफी गंदगी छिपी होती हैं, जो किसी भी वस्तु को छूने, उसका उपयोग करने और रोजमर्रा के कार्यों से होती हैं। यह गंदगी, बगैर हाथ धोए कुछ भी खाने–पीने से शरीर में पहुंच जाती है और बीमारियों को जन्म देती हैं। इसलिए जरूरी है कि कुछ भी खाने–पीने से पहले और शौच जाने के बाद हाथों को अच्छी तरह से जरूर धोना चाहिए। यह कहना है सीएमओ डॉ. मधु गैरोला का। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण के बाद काफी हद तक लोगों ने हाथ की स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल किया है। इस संबंध में जागरूता को लेकर हर साल 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे मनाया जाता है। सीएमओ बताती हैं कि अगर आप रोगाणु जनित बीमारियों से बचना चाहते हैं तो हैंड हाइजीन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। अल्कोहल या साबुन आधारित हैंड वाश सबसे सुरक्षित और सही माने जाते हैं। सही व अच्छे तरीके से हाथ धोने से आप निमोनिया, टाइफाइड, दस्त, पेट, आंख, त्वचा संबंधी रोग और डायरिया जैसी घातक बीमारियों से बच सकते हैं और अन्य के बीच फैलने से बच सकते हैं। क्या कहते हैं आंकड़े: द स्टेट ऑफ हैंड वॉशिंग की 2016 की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्र में 54 प्रतिशत आबादी शौचालय के बाद हाथ धोती है। वहीं, सिर्फ 13 प्रतिशत आबादी खाना बनाने से पहले और 27 प्रतिशत बच्चों को खाना खिलाने से पहले हाथ धोती है। दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में 94 प्रतिशत लोग शौचालय के बाद हाथ धोते हैं। 74 प्रतिशत खाना बनाने से पहले और 79 प्रतिशत बच्चों को खाना खिलाने से पहले हाथ धोते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज रिपोर्ट के मुताबिक पांच साल की उम्र पूरी करने से पहले ही हर साल कई लाख बच्चों की मौत डायरिया और न्यूमोनिया के चलते हो जाती है। इसके अलावा एक साल में 5 साल तक की उम्र के बच्चे 2 से 3 बार इन बीमारियों से पीड़ित होते हैं। इन बीमारियों का सबसे प्रमुख कारण साफ–सफाई को माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हाथ के माध्यम से रोगाणुओं का संचार सबसे ज्यादा होता है। कब जरूरी है हाथ धोना: शौच के बाद, खाना बनाने व खाने से पहले हाथ जरूर धुलें। मुंह, नाक व आंखों को छूने के बाद हाथ धुलें। खांसने व छींकने के बाद, घर की साफ–सफाई करने के बाद, किसी बीमार व्यक्ति से मिलने के बाद, पालतू जानवरों को छूने के बाद जरूर हाथ धुलें। 'इस तरह हाथों को करें साफ: हाथों की सफाई का सबसे बेहतर तरीका सुमन दृ के है। इसके छह चरण हैं। इसके पहले चरण मे एस का मतलब हाथों को सीधा साफ करना, यू से हाथों को उल्टा करके साफ करना, एम का मतलब मुट्ठी साफ करना, ए से अंगूठा साफ करना, एन से नाखून साफ करना और के से कलाई साफ करना। इस क्रम मे कम से कम 40 सेकेंड तक हाथों को साफ करना चाहिए।

# विकासखंड मिश्रिख में क्षेत्र पंचायत बैठक का हुआ आयोजन

मिश्रिख (सीतापुर)। विकासखंड मिश्रिख के मीटिंग हाल में आज ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक रामकृष्ण भार्गव व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने भाग लिया। ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय व खंड विकास अधिकारी विकास कुमार सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने पत्रकारों व सभी ग्राम प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों को प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजित बैठक में विधायक रामकृष्ण भार्गव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सम्पूर्ण विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा समाज के आखिरी ब्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु आवाहन किया। आयोजित बैठक में क्षेत्र पंचायत के विकास संबंधी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान व क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव मांगे गये हैं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निःस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदेश शासन की मंशानुरूप विकास कराने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं पहुंचेगा।

तब तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की मंशा पूरी नहीं होगी। खंड विकास अधिकारी ने कहा बैठक में जो भी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ब्लाक से कमेटी गठित करके सभी विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को यूनीफार्म हेतु सरकार द्वारा 11 सौ रुपये की धनराशि मिलती और 100 रुपये स्टेशनरी खरीदने हेतु अलग से दिये जा रहे है। आयोजित बैठक में विकासखंड मिश्रित की सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष भास्कर मिश्र ने किया। इस अवसर पर ज्वाइंट वीडिओ एसपी सिंह, एडीओ समाज कल्याण अमिताभ वर्मा, एडीओ आईएसबी हरीश कुमार, एपिओ मनरेगा प्रवीण सिंह, एडीओ पंचायत ओमेन्द्र पाल सिंह, पंचायत सचिव अमित चतुर्वेदी, धीरेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, खंड शिक्षाधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बबलू पांडेय, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्र पवन, प्रधान राजन मिश्रा, रामकिशोर वर्मा, रामपाल, सर्वेश मिश्रा, मोनू कुमार, कन्हैयालाल आदि उपस्थित रहे।

# कोटेदार द्वारा 245 कुन्तल खाद्यान्न की कालाबाजारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

सांडा (सीतापुर)। विकासखंड सकरन क्षेत्र के महराजनगर के कोटेदार मो. अशफाक खां द्वारा सरकारी राशन में भारी घोटाला किये जाने की पुष्टि हो जाने के बाद पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के विरुद्व धारा 3ध7 का मुकदमा दर्ज कराया है। विदित हो कि महराजनगर निवासी मुन्नू लाल, राकेश मिश्रा, दुर्गेश राजपूत, विमला मिश्रा, राजकुमारी द्वारा कोटेदार अशफाक खां की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40015422056349 इस आशय की दर्ज कराई गई कि उचित दर विक्रेता द्वारा 03–04 माह से राशन न मिलने से कार्डधारक परेशान हैं। विक्रेता द्वारा ई–पास पर अंगूठा लगवा दिया जाता है और राशन टाल मटोल किया जाता है और राशन नहीं दिया जाता है। जिसके अधोहस्ताक्षरी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बिसवाँ द्वारा 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत महराजनगर में जाकर अशफाक खां उचित दर विक्रेता द्वारा किये जा रहे वितरण की जाँच की गई तो विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण में बरती जा रही अनियमितताओं की पुष्टि हुई। जिसके दृष्टिगत कार्यालय पत्रांक 2802 जिला पूर्ति अधिकारी आपूर्ति 2022, 21 सितम्बर 2022 के द्वारा अशफाक खां उचित दर विक्रेता महराजनगर विकासखण्ड सकरन सांडा तहसील बिसवां की उचित दर दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित करते हुए उक्त उचित दर दुकान का सम्बद्धधीकरण उसी ग्राम पंचायत की दूसरी उचित दर विक्रेता सरलावती की दुकान से संबद्ध कर दिया गया साथ ही अशफाक खान निलंबित विक्रेता को अपनी उचित दर दुकान से संबंधित विगत माह की अवश्य आवश्यक वस्तुएं तथा ईपास मशीन में उपकरणों सहित संबद्ध विक्रेता सरलावती को स्थानांतरित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। 7 अक्टूबर को उचित दर विक्रेता सरलावती के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप से अवगत कराया गया। निलंबित उचित दर विक्रेता अशफाक खान के द्वारा गेहूं 16 कुंटल, चावल 14 कुंटल 29 सितंबर 2022 को उपलब्ध कराया गया माह जून व जुलाई की प्रधानमंत्री गरीब कल्याणअन्न योजना व व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत अवशेष आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध नहीं कराई गई। विक्रेता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के क्रम में अशफाक खान निलंबित उचित दर विक्रेता की उचित दर दुकान से संबंधित अवशेष आवश्यक वस्तुओं की गणना कार्यालय अभिलेख ई–पास मशीन से की गई जो निम्नवत है। अशफाक खां के स्टाक में कुल गेहूँ 91.97 कुन्तल, चावल 154.01 कुन्तल, चीनी 03 किग्रा, रिफाइंड 93 पैकेट, चना 93 पैकेट, नमक 93 पैकेट, (प्रत्येक पैकेट की मात्रा 1 किलोग्राम है)अवशेष होना चाहिए था। अवशेष आवश्यक सामग्री लेने के लिए जब दूरभाष से निलंबित कोटेदार अशफाक खान से बात करने की कोशिश की गई तो नंबर स्विच ऑफ मिला। जिसके बाद 7 अक्टूबर 2022 को अधोहस्ताक्षरी के साथ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बिसवाँ ,अशोक पाठक हेड कांस्टेबल, सुरेश चन्द्र उप निरीक्षक थाना सकरन पुलिस चौकी महाराज नगर निलंबित उचित दर विक्रेता की दुकान पर पहुंचे अशफाक खान विक्रेता नहीं मिले मौके पर उपस्थित दो गवाहों अफरोज तथा फिरौज की उपस्थिति में वीडियोग्राफी कराते हुए विक्रेता की उचित दर दुकान का ताला तोड़कर स्टॉक का सत्यापन किया गया। विक्रेता की उचित दर दुकान में आवश्यक वस्तुओं की कोई भी मात्रा उपलब्ध नहीं पाई गई। जिससे यह स्पष्ट है कि अशफाक खान के द्वारा अवशेष आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी की गई है। जांच में स्पष्ट हो गया कि विक्रेता द्वारा अनुसूचित वस्तु वितरण आदेश व निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्तों का उल्लंघन किया है। जो धारा 3ध7 के अन्तर्गत दण्डनीय है। जिलाधिकारी के आदेश 11 अक्टूबर के अनुपालन में कोटेदार अशफाक खां के विरुद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3ध7 के अन्तर्गत मुकदमा पूर्ति निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने थाना सकरन में पंजीकृत कराया है।

## जिलाधिकारी संजीव रंजन के नेत्तृव में परीक्षा शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आयोजित पेट परीक्षा केन्द्र रतनसेन इन्टर





कालेज, बांसी जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा में आयोजित पेट परीक्षा केन्द्र रतनसेन इन्टर कालेज बांसी के परीक्षा कक्ष को देखा गया। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र में स्थापित सी.सी.टी.वी. कक्ष को देखा। जिलाधिकारी ने शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

## फरार अभियुक्त के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। शनिवार को मुकदमा अपराध में



वांक्षित अभियुक्त के घर पर बाजे के साथ कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया।आईपीसी से संबंधित अभियुक्त कन्हैया पुत्र राम प्रसाद साहनी, अभियुक्ता धनमती पत्नी रामप्रसाद व रीता पत्नी छोटू साहनी उर्फ दिलीप निवासी पिपरा भडेहर थाना चिल्हिया अभियुक्तगणों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस निर्गत की गई है।नोटिस के अनुपालन में उपरोक्त अभियुक्तगणों के घर व मोहल्ले तथा आसपास के स्थानों पर मुनादी कराते हुए उनके घर व सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा किया गया। ग्रामीण की भीड़ पहुची इस घटना को लेकर लोग चर्चा का विषय बनाते रहे।एसओ दीपक कुमार ने बताया वादी फरार चल रहे है,हाजिर नही होते है तो इनकी सम्पति पर कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह,संजीत सिंह,सिपाही रवि कुमार मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने लगातार कर रहे बाढ़ प्रभावित गांवो का दौरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शानिवार को





जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने तहसील क्षेत्र बासी के बाढ़ प्रभावित गांव भंवारी, अजमागढ़, भुजराही, पकरडीहा आदि गांव एवं बांसी इटवा मार्ग के जिगनिहवा चौराहा का भ्रमण किया।इस दौरान बांसी इटवा मार्ग पर बाढ़ का पानी आ जाने के कारण प्रशासन द्वारा बांसी इटवा मार्ग बन्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने निर्देश दिया कि बन्द किये गये मार्ग पर किसी भी प्रकार का आवागमन न हो। इसका पूरी कड़ाई के साथ पालन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बाढ़ प्रभावित गांवो में पहुॅचकर स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने लोगो को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ बचाव कार्य में लगा हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए हर स्तर से प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि गांव में फंसे लोगों के लिए जिला प्रशासनध तहसील प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि गांव में फंसे लोगों के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्कता दृष्टि बनाये हुए है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगो की सहायता के लिए संबधित तहसीलो के उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया जा रहा है किसी को भोजन आदि की समस्या नही होने पायेगी। बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों में राहत सामग्री का वितरण किया गया है। बाघ्ढ़ पीड़ितो में बाढ़ राहत सामग्री, लाई, चना, पानी एवं लंच पैकेट का वितरण किया गया।

# सपा नेता उग्रसेन सिंह ने जाना बाढ़ पीड़ितों का हाल, राहत सामग्री का किया वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शानिवार को शोहरतगढ़ विधानसभा





क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन प्रताप सिंह ने बाढ़ ग्रस्त गावों बिगाउवा नाला, रामनगर, रेहकट, पथरदेइयां, भूतहवा, भुताहियां, बभनी, जमहिरिया, सिरसिया मिश्र, सिरसिया राजा, लालपुर, जखौलिया समेत दर्जनों गाँव पहुँचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों का हाल जाना एवं उनमें राहत सामग्री भुजा, बिस्कुट, माचिस, कैंडिल एवं पानी पैकेट का वितरण किया। इस दौरान सपा नेता उग्रसेन सिंह ने कहा कि इस बाढ़ की त्रासदी में शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि पूरी तरह से संवेदनहींन दिखे। संवेदांनहीनता का नतीजा रहा की शानिवार को शोहरतगढ़ विधानसभा के साथ पुरा जिला बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर है। इस दौरान वीरेंद्र तिवारी, खुर्शीद अहमद खान, डब्ल्यू सिंह, विष्णु उमर, रामू यादव, दीपांकर सिंह, गुड्डू सिंह, शाह मोहम्मद खान, मो0 रजा व जब्बार अली समेत तमाम लोग उपस्थित रहें।

# बीते दिनों बाढ़ में बहा परिवार का दूसरा लाश पन्नापुर में मिला,दो अब भी लापता

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। बढनी ब्लाक के पन्नापुर में एक आदमी का शव मिला है। शव देखते ही ग्रामीणों ने ढेबरुआ पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के हवाले से उस व्यक्ति की लाश को नरेंद्र के रूप हो रही है। अभी भी उसकी पत्नी और बेटी लापता हैं। उसकी खोज में टीम चल रही है। कथित तौर पर कहा जाता है कि पिछले कुछ दिन पहले एक रिक्शा चालक सहित परिवार ढेबरुआ इटवा मार्ग पर बाढ़ में बह गया था। यह उन्ही लोगो मे से रिक्शा चालक का शव है। बीते दिन तालकुण्डा टोला गोन्हा के दक्षिण मे एक अज्ञात लाश मिली थी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर थानाध्यक्ष ढेबरूआ पहुँची और नाव की मदद से लाश को बाहर निकालवाकर और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति का कह रहा था कि वह मेरी नातिन है और जब व्यक्ति की लाश मिली तो उसका भी पहचान उसी परिवार से किया जा रहा है। हालांकि ढेबरूआ पुलिस लिखा पढ़ी करके लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कोई कार्यवाही किया जाएगा। इस दौरान एन डी आर एफ टीम भी मौजूद रही।

# स्व.प्रो. सुरेंद्र मिश्रा की द्वितीय पुण्यतिथि मनाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बुद्ध विद्या पीठ महाविद्यालय के सेवा निवृत्त शिक्षक एव विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर के स्थापना काल से संरक्षक के पद पर मृत्यु तक गरिमापूर्ण दायित्व का निर्वहन करने वाले संरक्षक स्व.प्रो. सुरेंद्र मिश्रा की द्वितीय पुण्यतिथि विश्व हिन्दू महासंघ सिद्धार्थनगर द्वारा गायत्री शक्ति पीठ पर यज्ञ, नमन व पुष्पार्चन कर मनाया गया, ततपश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

पुण्य तिथि में विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह, धर्माचार्य प्रमूख अधिवक्ता कृपाशंकर त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, अविनाश पाण्डेय, महामन्त्री जय प्रकाश गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, राजन सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष, इन्दु कुमार सिंह, श्रीधर पाण्डेय, के. प्रसाद, अंजली सोनी, कुसुम कसौधन, नेहा मिश्रा, विजय लक्ष्मी, सुशील श्रीवास्तव, आरती देवी, विध्यवासिनी उपाध्याय, माधुरी मिश्रा, जयेंद्र कुमार मिश्रा,हरिश्चन्द्र उपाध्याय, प्रदीप श्रीवास्तव, अमन जायसवाल, अभिषेक कन्नौजिया, कृष्ण भूषण तिवारी, देवी प्रसाद जायसवाल, श्रवण कुमार पाण्डेय, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# करंट से पंचायत सहायक की मौत, जाम लगाया

रुद्रपुर। करंट से पंचायत सहायक की मौत पर सुबह उसरा बाजार में नाराज गांव वालों ने हंगामा किया। उन्होंने बिजली निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बृहस्पतिवार की शाम खेत में टूटे तार में करंट आने से पंचायत सहायक की मौत हो गई। वह धान के खेत में बारिश का पानी निकालने पहुंचे थे कि गिरे तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गए। जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

उसरा बाजार के रहने वाले प्रभुनाथ मद्धेशिया का बेटा दीपक मद्धेशिया (24) गांव में पंचायत सहायक पद पर कार्यरत थे। बृहस्पतिवार की शाम को गांव में अपने धान के खेत में जमा पानी निकालने गए थे। खेत में बिजली के पोल से टूटकर तार गिरा था। उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। गिरे की तार की चपेट में आने से दीपक झुलस कर गिर पड़े। गांव वाले उन्हें लेकर जिला अस्पताल गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, गांव में मौत की सूचना पर लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने सुबह रुद्रपुर–देवरिया मार्ग पर उसरा बाजार चौराहे पर जाम कर दिया। बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। सड़क जाम में स्कूल जाने वाले शिक्षक और विद्यार्थी फंस गए। सड़क जाम किए लोगों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। कहा कि विभाग की लापरवाही से युवक की जान चली गई। दो महीने से खेत में तार टूट कर गिरा है। करंट से एक माह पहले दो बकरियां भी मर गई थीं। बिजली निगम को सूचना देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क जाम की सूचना पर मौके पर रुद्रपुर और देवरिया की पुलिस तैनात रही। उप जिलाधिकारी ध्रुव कुमार शुक्ला ने सड़क जाम किए लोगों से बात कर उन्हें शांत कराया। एसडीएम की ओर से जांच कर कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ।

होनहार युवक की मौत से दुखी थे ग्रामीणः रुद्रपुर। करंट की चपेट में आने से पंचायत सहायक दीपक की मौत से हर कोई गमगीन दिखा। गांव के होनहार युवक के मरने की खबर सुनकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दीपक के पिता प्रभुनाथ बेसुध होकर पड़े थे। मां कुंती जवान बेटे की मौत का सदमा नहीं बर्दाश्त कर पा रही थीं। सड़क जाम के दौरान वह बार–बार बेहोश हो जा रही थीं। दीपक दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। अभी उनकी शादी नहीं हुई थी। बैतालपुर ब्लॉक क्षेत्र के पंचायत सहायकों ने शोक संवेदना व्यक्त की। करंट की चपेट से महिला की मौतः पिंडी। करंट की चपेट में आने से ....एक महिला की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया था। क्षेत्र के अजना गांव निवासी बिंदु देवी (53) पत्नी स्वर्गीय अवधेश भोजन करने के बाद पानी पीने के लिए घर के आंगन में लगे नल के पास गई थी। इसी दौरान नल में लगे मोटर में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से झुलस गईं। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लार पर पहुंचे, जहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बिजली निगम के दो पर केस दर्जः रुद्रपुर। उसरा बाजार में करंट से पंचायत सहायक दीपक की मौत के मामले में पुलिस ने बिजली निगम के दो अज्ञात लोगों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। मृतक दीपक के पिता प्रभुनाथ की तहरीर पर पुलिस ने बिजली निगम के क्षेत्रीय लाइनमैन और निगम के अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सीएमओ ने रामनाथ देवरिया व इमरजेंसी का किया निरीक्षण

देवरिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश झा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम रामनाथ देवरिया दक्षिणी मोहल्ले में पहुंची। उन्होंने मोहल्ले का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जलनिगम के अधिकारी पानी व पाइप लाइन की जांच तथा नगर पालिका के ईओ को साफ–सफाई व छिड़काव कराने के लिए कहा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। अस्पताल के डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. एचके मिश्रा के साथ निरीक्षण किया। कहा कि मरीज जब तक अच्छी तरह स्वस्थ न हो जाए, यहां से न जाने दें। इस दौरान एसीएमओ डॉ. संजय चंद, अरबन के नोडल अधिकारी डॉ. आरपी यादव, एपिडेमियोलाजिस्ट डॉ. राजीव भूषण पांडेय, डॉ. आनंद बहादुर सिंह, रविजीत बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे। सभासद रीमा पासवान के प्रतिनिधि अतुल उर्फ नन्हें पासवान ने कहा कि उल्टी–दस्त से दो लोगों की मौत हुई। साथ ही बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका की टीम आई थी। दवा वितरण, छिड़काव व पानी की जांच की गई है।

## धरने पर डटे रहे अभिकर्ता, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

महराजगंज। भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं ने कार्यालय गेट के पास धरना दिया। कहा कि आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा। संगठन के जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद ने कहा कि अभिकर्ताओं को मेडिकल, समूह बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। बीमाधारकों का बोनस नहीं बढ़ने से ठीक ढंग से लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीमाधारकों के हित पर ध्यान देने की जरूरत है, तभी कारोबार बढ़ेगा। ब्याज कम किए जाने का कोई औचित्य नहीं है। व्यवस्था में जो गड़बड़ी हुई है, उसमें सुधार की जरूरत है। बीमा अभिकर्ताओं को मेडिकल, ग्रेच्युटी, समूह बीमा का समय से भुगतान समय से नहीं हो रहा है। इस अंबरीश पटेल, अशोक कुमार, गोविंद, राजकुमार, अंबरीश पटेल, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## छठियांव में नकदी और आभूषण चोरी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के छठियांव गांव में रात एक घर को चोरों ने निशाना बनाया। मेन दरवाजे का ताला तोड़कर चोर घर में प्रवेश कर गए और कमरे में रखे तीन बॉक्स, दो सूटकेस उठा ले गए। इसमें पांच हजार रुपये नकदी सहित तकरीबन दो लाख के आभूषण थे। घटना की जानकारी पीड़िता को भोर में उस समय हुई। जब वह खेत की ओर से निकल रही थी। पीड़िता ने तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। छठियांव गांव के रहने वाले अमर नाथ यादव हरियाणा में जमुना नगर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। पत्नी दुर्गावती देवी बच्चों के साथ घर रहती हैं। रोज की तरह रात को भी वह भोजन करने के बाद घर के बगल में स्थित अपने घोठे पर सोने चली गईं। भोर में जब उनकी नींद खुली तो वह गांव के उत्तर खेत की ओर जा रही थी। इसी बीच कुछ दूरी पर सड़क के किनारे कुछ सूटकेस और बॉक्स टूटे हाल में पड़े दिखाई दिए। दुर्गावती देवी के मुताबिक सामान बिखरा देखकर यह प्रतीत हुआ कि कहीं डकैती पड़ी है। मगर जब पास पहुंचीं तो देखा सूटकेस और बॉक्स उनका ही था। भागते हुए घर पहुंचीं तो मेन दरवाजा खुला पड़ा था। घर के अंदर कमरे में सामान बिखरे हुए थे। चोरों ने सोने की एक माला, एक मंगलसूत्र, दो झुमका, दो झाली, दो कान के टप्स, दो पांवजेब, तीन पायल, पांच हजार रुपये नकदी, कुछ साड़ियां सहित तकरीबन दो लाख रुपये का सामान चुरा ले गए। पीड़िता ने बताया कि बेटी की मई माह में शादी करने के लिए आभूषण और साड़ियां खरीद कर रखी थी। सारा चोर चुरा ले गए। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। पुलिस गई थी। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

महराजगंज। ताइक्वांडो खेल व आत्मरक्षा दोनो दृष्टि से सहायक है। बालक हों या बालिका सभी को इससे जुड़कर स्वयं को शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत बनने का कार्य करना चाहिए। उम्मीद है कि भविष्य में अधिक से अधिक छात्र–छात्राएं इस खेल से जुड़कर उसका लाभ उठाएंगे। ये बातें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने स्टेडियम के बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल में .शाम को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपस्थिति खेल की व्यापकता को प्रदर्शित कर रही है। विशिष्ट अतिथि गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में आत्मरक्षा के दृष्टि से इस खेल की जानकारी सभी को रखनी चाहिए। जानकारी रखकर वे स्वयं के साथ–साथ दूसरों के लिए भी मददगार बन सकते हैं। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि प्रारंभिक दौर से यदि छात्र–छात्राएं इस खेल से जुड़ जाएं तो उनका भविष्य काफी सुनहरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सीके शर्मा ने भी ताइक्वांडो की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान अनूप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। संचालन एसोसिएशन के सचिव अभिषेक विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान संरक्षक दिग्विजय सिंह, विंध्यवासिनी सिंह, डॉ. एमके शर्मा, अनूप चौधरी, रत्नेश चंद्रा, जीवेश मिश्रा, रिजवान अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। शुभारंभ के दौरान खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो के विविध गतिविधियों को करते हुए उसकी महत्ता को बताने का प्रयास किया। चौम्पियनशिप के मुकाबले शनिवार से लेकर रविवार तक चलेंगे। समापन रविवार की देर शाम होगा।

# रामनाथ देवरिया में उल्टी–दस्त से दो की मौत

देवरिया। शहर के रामनाथ देवरिया दक्षिणी मोहल्ले में उल्टी–दस्त से लोग पीड़ित हो रहे हैं। तीन दिन के अंदर दो लोगों की मौत की बात सामने आ रही है। वहीं, दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित हैं। ये घर पर ही इलाज करा रहे हैं। वहीं, जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अट्ठारह लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल में दस बेड के पुराने चिल्ड्रेन वार्ड को उल्टी–दस्त के मरीजों के लिए रखा गया है। इसमें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग एक युवक को बीमारी से पीड़ित बता रहा है। साथ ही जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहने की बात कही जा रही है। जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लोगों को रोग से बचाव के लिए जागरूक करने की बात कही जा रही है। लेकिन, शहर के रामनाथ देवरिया दक्षिणी वार्ड में उल्टी–दस्त से लोग पीड़ित हैं। शाम एक युवक की तबीयत खराब हुई। एक चिकित्सक से दवा ली, लेकिन आराम नहीं हुआ। उसके बाद एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। परिजन लेकर गोरखपुर जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। उधर, बुध ावार को एक किशोर की तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित हैं। इसके बाद मोहल्लेवासी भयभीत हो गए। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी व सभासद ने सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम मोहल्ले में पहुंची। इसके बाद आशा कार्यकर्ता व एएनएम सहित अन्य कर्मियों को सर्वे के लिए लगाया गया। साथ ही लोगों को जरूरत के मुताबिक जिंक, क्लोरीन की गोली आदि दी गई। साथ ही साव ाानी बरतने तथा उबला पानी पीने के लिए कहा गया। उधर, नगर पालिका की टीम ने छिड़काव किया। जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती उल्टी–दस्त से पीड़ित मरीजों का इलाज चल रहा है। महिला मेडिकल वार्ड में बरियारपुर की मोनिका प्रजापति, भीमपुर गौरा की राजमति देवी, राम हरखौली की तारा खातून, पकड़ियार की सुनीता पांडेय, भुजौली खुर्द की सुनरवासी देवी, धनौती मठिया की कलावती देवी तथा पुराने चिल्ड्रेन वार्ड में सिंधी मिल कॉलोनी के मोहम्मद अब्बास, कुसुम्हा के महेंद्र, पोखरभिंडा अनिल निषाद, बारीडीह के अलाउद्दीन, भटवलिया के अमित कुमार मिश्रा का इलाज चल रहा है। मेल मेडिकल वार्ड में महुअवा बुजुर्ग के अविनाश, पिपरा चंद्रभान के रामबड़ाई, जरार रमन के जगदीश, बखरा बाजार के अभिषेक, रामगुलाम टोला के कमरूद्दीन, पैकौली के बालजीत, लार के रमा का इलाज चल रहा है।

## समाज सेवी दिलीप कुमार उमर ने बिसरा गांव के लोगो मे किया राहत सामग्री का बितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला उपनगर के समाजसेवी एवम भावी चेयरमैन पद प्रत्याशी दिलीप कुमार उमर ने शनिवार को भयंकर बाढ़ के चपेट में आये नगर पंचायत गोला में समाहित गाव बिसरा व डिहवा पर अपने सहयोगियों के साथ उनके बीच पहुच कर बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे लोगो को उनकी पीड़ा को कम करने के लिए राहत सामग्री को वितरित किया।



प्राप्त बिबरण के अनुसार नगर पंचायत गोला में समाहित कुछ गाँव मे सरयू नदी का जल पूरी तरह तबाही मचाये हुए है । घरों में पानी भर जानेके कारण लोगों के सामने भोजन के संकट आ पड़े है। गोला उप नगर के समाज सेवी और आसन्न चुनाव में आने वाले प्रत्याशी पूरी तरह मदद के लिए आगे आ चुके है ।उसी क्रम में भा ज पा के पूर्व नगर अध यक्ष समाजसेवी व चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी दिलीप कुमार उमर ने अपने सहयोगियों के साथ बाढ़ ग्रस्त गाँव डिहवा व बिसरा मे नाव से पहुच कर लोगो के घर पर राहत सामग्री का बितरण किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रूप से अमित जायसवाल, विकास कसौधन, राम पूरन गुप्ता, फूल चंद निषाद, नन्हे तिवारी, अभिषेक चौरसिया, आकाश चौरसिया, रमेश मौर्या, वेचन वर्मा, श्याम सुंदर जायसवाल, सुवास मौर्या, मनोज मौर्या सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा श्रवण से मन होता है पवित्र:पं. हृदयकृष्ण शास्त्री

## पोहिला गाँव में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग की हुई प्रस्तुति

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला गोरखपुर ।गोला तहसील क्षेत्र के पोहिला गाँव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कराते हुए पोहिला गांव मे पं. हृदेश कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के प्रसंग की कथा का चौथे दिन रसपान कराते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भादो माह के कृष्ण अष्टमी रोहिणी नक्षत्र में घनघोर आंधी तूफान आ रहा था तब हुआ। कथा पुराणों के अनुसार माता देवकी अपने भाई कंस के काल कोठरी में आधी रात में कन्हैया को जन्म दिया ।भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा श्रवण से मानव का मन पवित्र हो जाता है उसके सभी पाप कष्ट दूर हो जाते। कथा में जब भगवान का जन्मोत्सव हुआ कथा का श्रवण कर श्रोतागण खुशी से झूम उठते हैं ।आगे कथा का विस्तार से श्रवण कराते हुए कहा कि एक बार कंस अपनी बहन को उनके ससुराल पहुंचाने जा रहा था कि रास्ते में अचानक आकाशवाणी हुई हे कंस जिस देवकी को तुम बड़े प्रेम से ले जा रहे हो उसी में तेरा काल बसा है इसी के गर्भ में उत्पन्न आठवां बालक तेरा वध करेगा ।कंस ने माता देवकी और वासुदेव जी को ले जाकर काल गृह में डाल दिया और काल कोठरी में माता देवकी को



7 पुत्र हुए देवकी ने कंस को सौंप दिया। जिस समय देवती को आठवां पुत्र पैदा होने वाला था संजोग था कि जसोदा माता को भी उसी समय गर्भ रहा यशोदा माता ने एक कन्या का जन्म दिया कुछ नहीं सिर्फ माया थी । जिस कोठरी में देवकी वासुदेव कैद थे उसमें अचानक प्रकाश हो गया उन लोगों के सामने संख चक्र गदा पद्म धारण किए चतुर्भुज भगवान श्री कृष्ण पैदा हुए दोनों भगवान के चरणों में गिर पड़ते हैं तब भगवान ने कहा अब मैं छोटे बच्चे का रूप धारण कर लेता हूं मुझे नंद के घर छोड़ दो और जो कन्या पैदा हुई है उसे लाकर के कंस के हवाले कर दो आप को जाने में कोई भी परेशानी नहीं होगी माता गंगा भी आपको मार्गदर्शन करेंगीं। जब कंस को यह सब मालूम हुआ तब उसने पूतना और बारी–बारी से केसी नामक औषधि बैल के रूप में कृष्ण को मारने के लिए भेजा लेकिन भगवान ने सब का वध कर दिया अंत में भगवान के हाथों कंस का वध हुआ। कथा का श्रवण कर श्रोता गण भाव विह्वल हो गए। इससे पहले श्रीमद भागवत कथा के आयु के आयोजक श्री पंडित त्रिपुरारी तिवारी ने शक्ति पीठ की आरती उतारी तदपरान्त कथा शुभारम्भ हुआ प् कथा आयोजक श्री त्रिपुरारी तिवारी ने बताया मां सरयू को प्रथम निमंत्रण देने के बाद दूसरे दिन से ही व्यासपीठ के बगल में आकर कथा का रसपान कर रही हैं ऐसा अवसर कम देखने को मिलता है ।इस अवसर पर वैदिक यज्ञ आचार्य श्री ऋषभ देव जी महराज विश्वेश्वर नाथ महादेव धाम वाले के द्वारा भव्य पूजन अर्चन चल रहा है ।शास्त्री , प्रेमशंकर तिवारी महावीर तिवारी करुणेश तिवारी हरी नारायण तिवारी सत्य भूषण तिवारी शिवदत्त यादव शिव शंकर यादव राज तिवारी तूफानी तिवारी रंगलालधारी जगदंबा तिवारी सच्चिदानंद गुड्डू लौहर तिवारी सुभाष तिवारी दयाशंकर नायक सूर्यभान राजजीवन सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु श्रोतागणों ने कथा का रसपान किया ।

# चुनाव में सपा का झंडा लेकर नारे लगाता है नन्हा नवरतन

## मुलायम सिंह यादव को मानता है अपना आदर्श, कक्षा पांच का है छात्र

महराजगंज। ग्राम पंचायत मल्हनी फुलवरिया के रहने वाले कक्षा पांच के छात्र नवरतन यादव की उम्र राजनीति के लिए काफी कम है, लेकिन चुनाव के दौरान वह अपनी पसंदीदा पार्टी के लिए जमकर प्रचार करता है। रैलियों में झंडा लेकर निकल पड़ता है और अपनी पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में जमकर नारे लगाता है।

वह मुलायम सिंह यादव को अपना आदर्श मानता है और सपा के प्रचार के लिए हरसंभव प्रयास करता है। नवरतन की मां पुष्पा देवी ने बताया कि मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर सुनकर वह रो पड़ा था। उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए वह घर में किसी को कुछ बताए बगैर इटावा निकल गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में कानपुर रेलवे पुलिस से सूचना मिली तो सभी को राहत मिली। उन्होंने बताया कि नवरतन चुनाव के दौरान सपा का झंडा लेकर मुलायम सिंह यादव जिंदाबाद के नारे लगाता है। मुलायम सिंह की अंत्येष्टि के दिन नवरतन कानपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को मिला था। सूचना मिलने पर पिता सिकंदर कानपुर पहुंचे और बेटे को घर ले आए। सिकंदर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। गांव के प्राइमरी स्कूल में कक्षा पांच का छात्र नवरतन अक्सर सपा कार्यक्रमों में पहुंच जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन की खबर सुनकर वह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घर से निकल पड़ा था। किसी ट्रेन में सवार होकर वह कानपुर पहुंच गया। जेब में फूटी कौड़ी नहीं थी। लोगों से मदद की गुहार लगाते हुए जो मिला, उसे खाकर आगे बढ़ता गया, लेकिन मंजिल तक नहीं पहुंच सका। इसका एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें नवरतन ने बताया कि मुलायम सिंह यादव उसके आदर्श हैं।

पूर्व विधायक के साथ सैफई गया नवरतनः नौतनवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को जैसे ही इसकी जानकारी हुई, उन्होंने नवरतन के घरवालों से संपर्क किया। उनसे नवरतन ने सैफई में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के घर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित करने की इच्छा जताई। इसके बाद पूर्व विधायक अपने साथ उसे लेकर सैफई के लिए रवाना होने वाले थे। इसी बीच पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने वायरल वीडियो देखने के बाद बालक को साथ लेकर आने का निर्देश दिया। पूर्व विधायक ने बताया कि चुनाव में नवरतन साइकिल लेकर प्रचार करता है। उस वक्त उसे बार–बार समझाया कि छोटी उम्र है, साइकिल गिर जाएगी, लेकिन वह नहीं सुनता था। साइकिल व झंडा लेकर प्रचार करने निकल जाता था। पार्टी के प्रति उसकी निष्ठा सपा कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है।

पूर्व सीएम अखिलेश ने मिलने को बुलायाः नवरतन का वीडियो वायरल होते ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फोन कर पूर्व विध ाायक कुंवर कौशल सिंह को बताया कि नवरतन को साथ लेकर आइए। इसके बाद पूर्व विधायक नवरतन को साथ लेकर निकल पड़े। निवर्तमान जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन ने बताया कि नवरतन की सपा के राष्ट्रीय अध यक्ष से मुलाकात कराई जाएगी। शनिवार सुबह उसकी मुलाकात राष्ट्रीय अखिलेश यादव से होगी। दूरभाष पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि इस बालक की बात सुनकर वह काफी प्रभावित हुए। इसके बाद उससे मिलने की इच्छा प्रकट की।

# समाधान दिवस में बाढ़ के कारण नहीं पहुचे फरियादी सक्षम अधिकारी रहे नदारद

## .क्षेत्र में आयी बाढ़ से पीड़ितों की संख्या रही नदारद



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। तहसील सभागार में आयोजित समाध ाान दिवस पर क्षेत्र में आयी भयंकर बाढ़ का प्रभाव पूरी तरह दिखा ।समाधान दिवस पर कोई सक्षम अधिकारी व राजस्व बिभाग के जबाबदार उपस्थित नही रहे । सभी की डयूटी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में लोगो को राहत पहुचाने व उनकी सुरक्षा में में लगा पड़ा था ।अधिकारियों व फरियादियो की उपस्थिति नदारद होने के कारण समाधान दिवस पूरी तरह फीका दिखा ।समाधान दिवस सक्षम अधि ाकारियों के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में होने पर माल बाबू ने आये हुए दस फरियादियो के आवेदन को प्राप्त किया। प्राप्त बिबरण केअनुसार समाधान दिवस पर सक्षम अधिकारियों के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में ब्यस्त होने के कारण तहसील के माल बाबू भीमप्रताप ने आने वाले फरियादियो के प्रार्थना पत्र को प्राप्त किया। इस समाधान दिवस पर राजस्व व पुलिस के मामले आये । आये हुए मामलों का निस्तारण सक्षम अधिकारियों के न होने के कारण नही हो सका।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस का आयोजन किया गया। विश्व खाद्य दिवस दिवस प्रत्येक वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है स इसके अतिरिक्त वर्ल्ड फूड प्रोग्राम और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष द्वारा भी इसे व्यापक रूप से मनाया जाता है। विश्व खाद्य दिवस की स्थापना एफएओ ने 1945 में की थी परंतु 1979 से इसे व्यापक रूप से पहचान मिली स प्रत्येक वर्ष खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा एक थीम निर्धारित की जाती ह। इस वर्ष की थीम लीव नो वन बिहाइंड निर्धारित की गई हैस कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों, शिक्षक ,शिक्षिकाओं, और विद्यार्थियों की स्वागत से किया गया स कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत विज्ञान संकाय के गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर दीप्ति गिरी के द्वारा किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत में आजादी का अमृत महोत्सव की समन्वयक एवं लोक प्रशासन विभाग की सह आचार्य डॉ सुनीता त्रिपाठी ने फूड इन योर डस्टबिन सेव समवन लाइफ विषय पर अपने विचार साझा किए। डॉ सुनीता ने फूड वेस्टेज को रोकने के लिए उपाय एवं वर्तमान समय पर विश्व में खाद्य उपलब्धता एवं भंडारण पर भी अपने विचार विस्तार पूर्वक रखें और खाद्य को किस प्रकार व्यर्थ होने से रोके इस पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में विज्ञान संकाय की सह अधिष्ठाता प्रो प्रकृति राय लीव नो वन बिहाइंड विषय पर अपने विचारों को प्रस्तुत किया। डॉ राय ने विश्व में व्याप्त खाद्य सुरक्षा पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर विचार रखते हुए बताया कि घरेलू एवं सामाजिक स्तर पर किस तरह खाद्य को व्यर्थ होने से बचाया जा सकता है। डॉ राय ने यह भी बताया कि किस प्रकार कुपोषण एवं खाद्य सुरक्षा आप से संबंधित है एवं खाद्य




सुरक्षा में हमारा क्या योगदान है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिष्ठाता कला संकाय डॉ हरीश कुमार शर्मा जी ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा खाद्य उपलब्धता एक वैश्विक संकट के रूप में उभर रहा है और इसे कम करने के लिए सभी को प्रतिबद्ध होना जरूरी है।साथ ही उन्होंने अपने जीवन उपयोग अनुभवों को साझा करते हुए खाद्य की मानव जीवन पर महत्व पर प्रकाश डाला और अन्न दान के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य पोषण के महत्व पर भी विचार प्रस्तुत किए स इसी क्रम में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शकीला खान ने भी खाद्य दिवस पर अपने विचारों को साझा किया स उसने बताया कि वैश्विक स्तर पर भुखमरी में वर्तमान समय में भारत 107 में स्थान पर है इस परिस्थिति से उबरने के लिए भारत सरकार एवं अन्य राज्य स्तर पर योजनाएं लागू की गई हैं।इसमें भारत सरकार की अंत्योदय योजना , पोषण योजना उल्लेखनीय है स इसी क्रम में विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कियास कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के आचार्य , सह आचार्य एवं सहायक आचार्य उपस्थित रहे स डॉ नीता यादव, डॉ रेनू त्रिपाठी ,डॉ सरिता सिंह, डॉ आभा द्विवेदी, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ मनीषा , डॉ विनीता, डॉ किरण गुप्ता , डॉ अंकिता श्रीवास्तव, डॉ. अमित सैनी, डॉ. अमरजीत यादव, डॉ. सत्येंद्र कुमार दुबे, डॉ मन्नू खान , डॉ अब्दुल हफीज, डॉ जसवंत यादव सहित छात्र–छात्राएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे स कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान संकाय के गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ रक्षा के द्वारा किया गया स कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने किया बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी। नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस की चार सदस्यीय




टीम ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का निरीक्षण किया चेक लिस्ट के अनुसार पूरी सीएचसी का एसेसमेंट किया तथा इमरजेंसी वार्ड ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, एवं पैथोलॉजी का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अस्पताल की साफ–सफाई, संक्रमण से बचाव और रख–रखाव की स्थिति को देखकर सन्तोष व्यक्त किया। अवार्ड योजना के अंतर्गत नामित राज्य सलाहकार क्वालिटी इंसोरेंस आश मोहम्मद, मण्डलीय सलाहकार क्वालिटी इंसोरेंस डॉ0 अमित शुक्ला, कैंसर एव एड्स सोसाइटी के राजेन्द्र यादव, जिला सलाहकार क्वालिटी इंसोरेंस डॉ0 पंकज मौर्य की टीम ने सर्वप्रथम लैब का जायजा लिया तथा टीबी कक्ष में जाकर लैब टैक्नीशियन रोहित रॉय से विस्तृत जानकारी ली। नामित टीम ने कम से कम छह घंटे तक निरीक्षण किया । टीम के सभी सदस्यों ने इंस्पेक्शन दौरान मरीजों से बातचीत भी की और उन्हे मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड में पहुंच टीम ने स्टाफ कर्मियों से उनके काम व मरीजों के रख रखाव संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुएअस्पताल की साफ–सफाई, संक्रमण से बचाव और रख–रखाव की स्थिति को देखा और इसे और अधिक बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए।कायाकल्प टीम ने चेक लिस्ट के अनुसार पूरी सीएचसी का एसेसमेंट किया गया तथा कायाकल्प अवार्ड योजना से संबंधित समस्त दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि चिकित्सालय की नियमित रूप से साफ सफाई की जा रही है। चिकित्सालय परिसर में कहीं भी गंदगी नहीं मिली। चिकित्सालय के सभी विभाग भी मानक के अनुसार सही पाए गए। टीम के सदस्यों ने स्टाफकर्मियो से भी बातचीत की। तथा वार्ड ब्वाय राकेश कुमार वर्मा, लल्लन, स्वीपर राधे की प्रशंसा की।इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजीव कुमार, डॉ0 बीके मौर्या, डॉ0 हासिम अंसारी आशाराम चौधरी, डॉ0 सर्वेंद्र सिंह, डॉ0 दिव्या सिंह, डॉ0 अनुप्रिया थडानी, डॉ0 हारून रशीद अतिकी, डॉ0 प्रीति वर्मा, डॉ0 मनोज वर्मा, डॉ0 आर एन वर्मा, फार्मेसिस्ट अशोक कुमार, कपिल सिंह सहित समस्त स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# समाजसेवी रमा सिंह ने बाढ़ पड़ितों को लंच पैकेट बटवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर। तहसील तुलसीपुर के पचपेड़वा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांव में बाढ़ का पानी जिस तरह से तबाही से मचाई



है गांव के लोगों का आना जाना खाना पीना सब कुछ खत्म हो गया आज भी लोगों के घरों में पानी भरा है नाव व मोटर बोट से समाजसेवी लोग खुद जान जोखिम में डालकर ग्रामीणों के बीच पहुंचते हैं उसके बाद उनको पूडी सब्जी लंच पैकेट सहित खाद्य पदार्थ खिलाते हैं वही पचपेड़वा ग्राम पंचायत तिलकहना निवासनी समाज सेविका श्रीमती रमा सिंह, एपी सिंह, डॉ मनीष सिंह के सौजन्य से लगभग 1200पैकेट पूड़ी और सब्जी कल से बनवा कर मोटर बोट के द्वारा ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी व स्थानीय थाना के फोर्स सहित लोगों के साथ जान जोखिम में डालकर पिपरिहा जमुनी, कलुआ भारी, सोहना, फरुहवा भकला गांव में पहुंचकर भूखे पेट ग्राम वासियों को लंच पैकेट देकर उनका भूख मिटा रहे हैं अशोक प्रताप सिंह ने बताया जब तक बाढ़ का पानी गांव में भरा रहेगा प्रतिदिन में पूडी सब्जी बनवा कर लंच पैकेट पैक करके उन ग्राम वासियों तक खुद लेकर पहुंचेंगे मेरा सोच है कोई भी परिवार भूखा ना सोए बाढ़ जैसी आपदा में घिरे लोगों को मैं हर संभव मदद करने के लिए तैयार हूं

# नगर पालिका चुनाव, तैयारी जोरों पर भाजपा, कार्यालय पर हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के चुनाव की तैयारी बैठक भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसदध्चुनाव प्रभारी नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज दर्शना सिंह व जिला प्रभारीध्क्षेत्रीय महामंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी अशोक चौरसिया जी मौजूद रहे। बैठक मे निकाय चुनाव तैयारी की समीक्षा व गहन विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला संयोजक चुनावध्जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुये नगर पालिका के प्रभारीध् राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि नगर पालिका के उन कार्यकर्ताओ की बैठक है जिनके दम पर भाजपा हर चुनाव फतह करती है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार के जनहित की




योजनाओं,सांसद तथा विधायक के काम तथा आप सभी के मेहनत और परिश्रम से नगर पालिका का यह चुनाव भी भाजपा जीतेगी। से नगर पालिका चुनाव का बिगुल आप सभी को फूंक देना है और इस तरह का वातावरण तैयार कर देना है कि अधिसूचना जारी होने तक हम सभी यह चुनाव जीत ले। अधिसूचना जारी होने के बाद भाजपा की जीत का अंतर इतना बढ़ा देना है कि गिनती के समय सारे विपक्षियों की जमानत जब्त हो जाये। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव सह प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के कामों से भाजपा हर चुनाव में विजयी रही है,इसमें भी होगी। आप सभी आज से ही चुनाव में उतर जाइये और सम्पर्क शुरू कर दीजिये। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का कमल देश प्रदेश और हर वार्डो मे जब खिलता है तो दुनिया मे भारत और भारत की संस्कृति का परचम लहराता हुआ दिखाई पडता है, तब हर एक भारतीयों का सीना गर्व से चौडा होता है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के हनुमान है, जिनके दम पर पार्टी कोई भी लड़ाई जीतती है। इस चुनाव को भी आप सभी के बल पर फतह किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे आये हुए सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत व अभिनन्दन किया। बैठक मे करणीय कार्यो पर विशेष रुप से चर्चा करते हुए मतदाता सूची के अनुसार पन्ना प्रमुख हर गली मोहल्ले का टोली प्रमुख बनाने का निर्णय किया। बैठक मे मुख्यरुप से नगर पालिका चेयरमैन विरेन्द्र जायसवाल, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, मण्डल प्रभारी ओमप्रकाश दूबे, जिला चुनाव सह संयोजक विनोद पटेल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक संजय जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष बलराम सोनी, राहुल पटेल, विजय नारायण सिंह गोंड, चुनाव संयोजक प्रकाश केशरी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुनील सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली बाराबंकी। सेनानायक सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता



में वाहिनी सभागार में वाहिनी व जोनल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा वाहिनी में गहन अभ्यासरत उत्तर प्रदेश पुलिस टीम के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत, सामूहिक एवं पारिवारिक समस्याओं के निस्तारण हेतु सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। तथा अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त हो रहे सूबेदार एव दलनायक को सम्मानित किया गया।सेनानायक सुनील कुमार सिंह ने सर्वप्रथम शासन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में खेल कोटे के तहत पुनः प्रारम्भ किये गए पुलिस भर्ती एवं पूर्व से कार्यरत पुलिस कर्मियों के लिए खेल कोटे के तहत मिलने वाले प्रमोशन के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया, तदोपरान्त वाहिनी में गहन अभ्यास हेतु आगमन किये उत्तर प्रदेश पुलिस आर्म्स रेसलिंग, बॉक्सिंग एवं वेट लिफ्टिंग टीम के खिलाड़ियों से सबका परिचय व उक्त खेल के बारे में भी वाहिनी के अन्य कर्मियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में इसी माह सेवनिवृत्त होने वाले वाहिनी के सूबेदार सैन्य सहायक राजपति यादव व दलनायक इंद्रनाथ यादव को सम्मानित करते हुए वाहिनी के प्रत्येक दल से सितंबर माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक–एक आरक्षी के उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सहायक सेनानायक अरशद जमाल सिद्दीकी, सहायक सेनानायक राम रतन, चिकित्सक डॉ. जाकिर हुसैन, शिविरपाल न्याज अहमद काजमी, उपनिरीक्षक परिवहन धर्मेन्द्र यादव, रिट सेल प्रभारी अतुल वर्मा, पीसी श्री चंद्रेश राव एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने किसानों को वितरित किया उन्नतशील बीज

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। जनपद के सफदरगंज क्षेत्र के मदारपुर चौराहा



हैदर गढ़ रोड विकासखंड सिद्धौर विधानसभा क्षेत्र हैदर गढ़ बाराबंकी में क्षेत्रीय विधायक माननीय दिनेश रावत के द्वारा उद्यान विभाग बाराबंकी के माध्यम से निशुल्क उन्नत किस्म हाइब्रिड सब्जी बीज पत्ता गोभी फूल गोभी टमाटर शिमला मिर्च आज के वितरण कृषकों को वितरित किए गए इस दौरान विधायक जी ने कहा कि उन्नत किस्म के सब्जी बीच के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी कर सकते हैं इस अवसर पर प्रमुख रूप से सीरीज सौरव सिंह उद्यान निरीक्षक राजकुमार गुप्ता क्षेत्रीय कर्मचारी व राम तीरथ वर्मा व क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे

# दगाबाज दोस्तों ने साथी दोस्त को मारी गोली मौत



दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। मेला देखने गए दोस्तों ने घटना को दिया अंजाम नगर कोतवाली इलाके की बदन पुरवा गांव का मामला सभी दोस्तों के साथ मेला देखने गए नसीम उर्फ राजू क्योंकि दोस्तों नहीं मारकर कुएं में धकेल दिया मैं घर घटना से क्षेत्र में सनसनी का माहौल है नगर कोतवाली बाराबंकी क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारों ने शव को कुएं में फेंक दिया इस दौरान युवक के दो साथी बाल–बाल बच गए युवक ने 9 वर्ष पहले गैर धर्म की एक युवती से शादी की थी शहर कोतवाली क्षेत्र के आलापुर निवासी 36 वर्षीय नसीम उर्फ राजू आलापुर में ही कॉस्मेटिक की दुकान चलाता था शुक्रवार रात करीब 10.00 बजे नसीम आलापुर में रहने वाले अपने दो साथियों इम्तियाज और शफीक को के साथ पड़ोस के गांव कटरा में लगा मेला देखने गया था रात करीब 11.00 बजे एक ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे इस दौरान बदन पुरवा गांव के समीप एक बाइक से आए तीन नकाबपोश लोगों ने नसीम की बाइक रोक ली उन लोगों ने इम्तियाज और सभी को को धमका कर भगा दिया उन पर दोनों युवकों ने इस बात पर जाकर गांव में बताएं नसीम के परिजनों ने मौके पहुंचे लेकिन नसीम का कहीं पता नहीं चला उसकी बाइक रास्ते के बगल में पड़ी थी इस बात की सूचना की पुलिस को दी गई पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस पूरी रात करती है सुबह 7.00 बजे बदनपुर गांव के पास में नसीम का शव बरामद हुआ उसके सिर में गोली मारे जाने से निशान थे नसीम के करीब 9 वर्ष पहले गैर धर्म युवती से प्रेम विवाह किया था शहर कोतवाल संजय मौर्य ने बताया छानबीन की जा रही है परिजनों का आरोप है कि सभी दोस्तों घर पहुंच गए मगर राजू घर नहीं पहुंचा था पड़ताल में राजू का शव कुएं में पाया गया जो खून से लथपथ कुये पर लगे आसपास के पेड़ों में खून के धब्बे भी मिले हैं जिससे साफ जाहिर होता है कि राजू की हत्या की गई।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# दिवाली पर अपने करीबियों को दें ये यूनिक गिफ्ट, हो जाएंगे खुश



दिवाली खुशियों का त्योहार है और इस खास मौके पर लोग अपने करीबियों से मिलकर उन्हें गिफ्ट देते हैं। ये रिवाज काफी समय पहले से चला आ रहा है। ऐसे में आप में से बहुत से लोगों के मन में ये ख्याल आ रहा होगा कि इस दिवाली अपने खास लोगों को ऐसा क्या गिफ्ट करें जो यूनिक हो। आज हम आपको ऐसे ही कुछ यूनिक गिफ्ट आइडिया देने वाले हैं, जिन्हें आप इस दिवाली अपनों को दे सकते हैं।

घर सजाने का शौक रखने वालों के लिए गिफ्ट

आपके ऐसे करीबी लोग जिन्हें घर सजाने का शौक है, आप उन्हें दिवाली पर घरेलू सजावट वाली चीजें दे सकते हैं। इनमें खूबसूरत लैंप, खुशबू के लिए मोमबत्तियां, घर के कॉर्नर में रखने के लिए फूलदान और यूनिक डिजाइन वाले सोलर लालटेन आदि शामिल हैं। जिन्हें घर को रोशन करना पसंद है, उन्हें आप स्टार या अन्य आकार की स्ट्रिंग लाइट दे सकते हैं। इसके अलावा आप गार्डन या बालकनी में रखने और सजाने वाली चीजें भी दे सकते हैं।

बच्चों के लिए क्रिएटिव गिफ्ट

अगर आपको अपने रिश्तेदारों के बच्चों को कुछ गिफ्ट करना है तो इसके लिए क्रिएटिव गिफ्ट्स हमेशा एक बेहतर विकल्प है। बच्चों को हमेशा क्रिएटिव और ऐसी चीजें पसंद आती हैं, जिसमें वो खुद को भी शामिल कर सकते हैं। आप उन्हें रंगोली मंडला पजल, मोमबत्ती और दीया बनाने की किट जैसी ड्राई चीजें गिफ्ट कर सकते हैं। आप इन गिफ्ट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही तरह से मंगा सकते हैं।

खाने का शौक रखने वालों के लिए बेहतरीन हैं ये गिफ्ट

ऐसे करीबी जो खान–पान के बहुत शौकीन हैं, आप उन्हें फूड हैम्पर गिफ्ट कर सकते हैं। इसमें एक साथ काफी चीजें शामिल हो जाएंगी जैसे मिठाई, चॉकलेट, ड्रिंक्स, मेवे, नमकीन आदि। इन हैम्पर को आप मार्केट से खरीद सकती हैं और अगर आप हैम्पर में अपनी पसंद से चीजें रखना चाहती हैं तो मार्केट से सुंदर सी बास्केट खरीद कर उसमें अपने हिसाब से सामान रखकर उसे ट्रांसपेरेंट पन्नी से पैक कर दें।

गैजेट प्रेमियों के लिए ये विकल्प हैं सबसे अच्छे

अगर आप किसी गैजेट प्रेमी व्यक्ति को गिफ्ट करने की सोच रहे हैं तो आपके पास बहुत से विकल्प मौजूद हैं। आप उन्हें पोर्टेबल ब्लूटूथ स्पीकर, स्मार्टवॉच, हेडफोन या फिर पॉवर बैंक जैसी रोज इस्तेमाल करने वाली चीजें दे सकते हैं। इसके अलावा आप उन्हें एलईडी लैंप या फिर कॉफी मेकर जैसे उपकरण भी दे सकते हैं। ये चीजें हमेशा किसी न किसी काम आती हैं और काम को आसान भी बना देती हैं।

इको–फ्रेंडली गिफ्ट्स

अगर आपके करीबियों में कोई बहुत ज्यादा नेचर लवर और इको–फ्रेंडली है तो आप उनके लिए बहुत ही यूनिक गिफ्ट्स ले सकते हैं। आप मार्केट में उपलब्ध इको–फ्रेंडली बैग, मिट्टी के दीये, बांस के टूथब्रश, जैविक चाय की पत्ती, बांस के ईयरबड्स और बांस के चम्मच–कांटे का सेट उन्हें दे सकते हैं। आप चाहें तो इनमें से कोई एक सामान या छोटे–छोटे कुछ सामान मिलाकर उन्हें दे सकते हैं।

## 42 साल की उम्र में श्वेता तिवारी ने पहनी हद से ज्यादा शॉर्ट पैंट

टीवी की हॉट और बोल्ड अभिनेत्री श्वेता तिवारी हमेशा अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल जीत लेती हैं। एक्ट्रेस जब



भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चर्चाओं में आ जाती हैं। श्वेता तिवारी ने हाल ही में अपने लेटेस्ट कैसुअल फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस श्वेता तिवारी का अंदाज देख कर फैंस उनके हुस्न की तारीफ करते हुए नही थक रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने 42 साल की उम्र में भी अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाया हुआ है। श्वेता न सिर्फ अपनी काम बल्कि अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपनी तस्वीरों का जादू फैंस पर इस कदर चलाती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट कैसुअल फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने व्हाइट कलर की शॉर्ट्स और डेनिम क्रॉप टॉप पहना हुआ है। ओपन स्ट्रेट हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को बखूबी से निखारा है। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए श्वेता तिवारी ने डेनिम क्रॉप टॉप के ऊपर ब्लू कलर का कोट पहना हुआ है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री कातिलाना पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। उनकी ये अदाएं फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम कर रही हैं।






## आईएमडीबी पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली भारतीय फिल्म बनी कांतारा




ब्लॉकबस्टर कन्नड़ फिल्म कांतारा का हिंदी वर्जन आज सिनेमाघरों में रिलीज हुआ है। केजीएफ 2 जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाली प्रोडक्शन कंपनी हम्बेल फिल्म्स ने इसका निर्माण किया है। अब इस फिल्म के खाते में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। यह आईएमडीबी (इंटरनेट मूवी डेटाबेस) पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इसी के साथ रेटिंग के मामले में कांतारा ने कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है।

आईएमडीबी पर कांतारा को 10 में से 9.5 रेटिंग मिली है। इस फिल्म को खबर लिखे जाने तक करीब 13,000 लोगों ने रेटिंग दी है। दिलचस्प बात यह है कि इसे 90 प्रतिशत से अधिक लोगों ने 10 में से 10 रेटिंग दी है। मात्र दो प्रतिशत लोगों द्वारा फिल्म को एक रेटिंग दी गई है। ऑरिजनल फिल्म कांतारा 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिषभ शेट्टी ने अभिनय के साथ–साथ फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी निभाई है।

आईएमडीबी पर कई भारतीय फिल्मों को अच्छी रेटिंग दी गई है। रक्षित शेट्टी की 777 चार्ली को 9 रेटिंग प्राप्त है। दुनियाभर में दर्शकों का दिल जीतने वाली आर माधवन की रॉकेट्री को 8.9 रेटिंग मिली है। मणिरत्नम की नायकन 8.6 रेटिंग पाने में सफल हुई है। सूर्या की जय भीम को भी अच्छे रिव्यूज मिले थे। इस फिल्म ने 8.9 रेटिंग हासिल की है। सूर्या की एक और हिट फिल्म सोरारई पोटरू को 8.7 रेटिंग प्राप्त है।

कांतारा मानव और प्रकृति के संघर्ष पर आधारित है। इसकी कहानी जंगल, गांव वाले और वन अधिकारी के टकराव को दर्शाती है। फिल्म कंबाला और भूत कोला कला की पारंपरिक संस्कृति को जीवंत करती है। कुछ वजहों से जंगल के देवता नाराज हो जाते हैं और फिर अशांति फैल जाती है। फिल्म की कहानी इसी के इर्द–गिर्द घूमती है। इस फिल्म में सप्तमी गौड़ा, किशोर और अच्युत कुमार भी अभिनय करते दिखे हैं। फिल्म की रेटिंग के साथ यह चेक करना भी जरूरी है कि कितने लोगों ने वोटिंग की है। जितने ज्यादा लोग वोटिंग करते हैं, उस रेटिंग की विश्वसनीयता उतनी ही बढ़ जाती है। अगर किसी फिल्म को 10,000 लोगों ने रेट किया है और उसकी रेटिंग दो स्टार ही क्यों ना हो तो वो ज्यादा विश्वसनीय होगी, वहीं अगर फिल्म को 10 ही लोगों ने रेट किया है और रेटिंग 10 स्टार है, तो रेटिंग उतनी विश्वसनीय नहीं रह जाएगी।

## फालतू का उद्देश्य लैंगिक समानता पर जागरूकता पैदा करना है: निहारिका चौकसे

ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री निहारिका चौकसे फिलहाल शफालतूय शो का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य लैंगिक



समानता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। हाल ही में, निहारिका को सोशल मीडिया पर एक लड़की निराशा का वीडियो मिला, जो मुंबई की रहने वाली है। उसे यह नाम इसलिए पड़ा क्योंकि उसके माता–पिता एक लड़का पैदा करने के इच्छुक थे। अभिनेत्री शो में मिली समानता और इस लड़की और समाज में ऐसी कई लड़कियों की कहानी के बारे में बात करती हैं। वह कहती है– आज, मुझे एक युवा लड़की का वीडियो मिला, जिसके माता–पिता ने उसका नाम निराशा रखा है। मुझे बहुत दुख हुआ कि यह अभी भी हमारे समाज में हो रहा है। ठीक यही हमारा नया शो शफालतूय है .. हम लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। लड़कियां अकेली नहीं हैं और वह जो चाहें हासिल कर सकती हैं। वह आगे कहती हैं कि वह एक यथार्थवादी किरदार निभाकर खुश हैं। निराशा की कहानी बिल्कुल वैसी ही है जैसी हम अपने नए शो में दिखा रहे हैं और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे अपने चरित्र के माध्यम से वास्तविक और संबंधित चीजें दिखाने का अवसर मिला है, जिसके साथ कई लड़कियां संबंधित होंगी। मैं बस यही चाहती हूं कि हमारा समाज अच्छे के लिए बदल जाए।

# कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है रामबुतान, जानिए इससे मिलने वाले फायदे



रामबुतान एक तरह का फल है, जो अंदर से एकदम लीची की तरह दिखता है। इसे वैज्ञानिक रूप से नेफेलियम लैपेसियम (हृद्गश्चद्धद्गद्यद्बह्वद्व रुड्डश्चश्चड्डष्द्गह्वद्व) के नाम से जाना जाता है। स्वाद में खट्टा–मीठा यह फल कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है और स्वास्थ्य को विभिन्न रूप से फायदा पहुंचाने में मददगार है। आइए आज हम आपको कई अध्ययन और शोध पर आधारित रामबुतान के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं। हृदय के लिए है लाभदायकः एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि रामबुतान में पोटेशियम समेत फाइबर की भरपूर मात्रा मौजूद होती है, जो कोरोनरी हृदय रोग के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त, यह हृदय की मांसपेशियों की गतिविधि को भी बढ़ावा देकर खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाता है। इस फल के रोजाना सेवन से स्ट्रोक और दिल के दौरे का खतरा कम होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूतः रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में रामबुतान का सेवन सक्षम है। एक शोध के मुताबिक, रामबुतान में विटामिन–सी की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने में मदद करती है। यह फल व्हाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को भी बढ़ाता है, जो शरीर को वायरस और जीवाणु संक्रमण से लडने में मदद करते हैं। वजन संतुलित रखने में है सहायकः रामबुतान का सेवन वजन को संतुलित रखने में भी सहायक है। रिसर्चगेट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, रामबुतान में मौजूद उच्च फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और इससे अधिक खाने की संभावना कम होती है। इतना ही नहीं, इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है, लेकिन वजन नियंत्रित रखने के लिए केवल रामबुतान पर निर्भर न रहें और संतुलित डाइट समेत रोजाना एक्सरसाइज करें। बालों को देता है मजबूतीः रामबुतान में एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपके बालों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं और रूसी समेत अन्य बालों संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें मौजूद कॉपर बालों के झडने का इलाज करता है। यह फल समय से पहले सफेद होने से भी रोकता है। रामबुतान में विटामिन–ष्ट और प्रोटीन की उच्च मात्रा आपके बालों को पोषित करती है। स्वस्थ पाचन को देता है बढ़ावाः रामबुतान में मौजूद फाइबर पाचन के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और अपच समेत पेट की अन्य समस्याओं के जोखिम कम करता है। एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर आंतों के पैरासाइट को मारने में मदद करते हैं। इस फल में अघुलनशील फाइबर होता है जो पाचन तंत्र में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में भी मदद करता है और आंत की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद करता है।